

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 203 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, गुरुवार 2 जून 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर केलोभूमि परिवार की नई पीढ़ी के होनहार निलेश वीरेंद्र शर्मा ...

मोदी सरकार विश्व पटल पर सिरमौर- श्रीकांत सोमावार... पेज -8 पर




## आयोग की समझाइश पर पति अपनी पत्नी को गुजारा के लिए 10 हजार रुपये प्रतिमाह देने को राजी

**रायपुर।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज शास्त्री चौक स्थित राज्य महिला आयोग कार्यालय में महिलाओं की शिकायतों के निराकरण के लिए सुनवाई की गई। जनसुनवाई में 29 प्रकरण रखे गए थे, जिसमें 7 प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। एक मामले में पति, पत्नी और 3 बच्चों का पालन-पोषण नही कर रहा था। जिसकी शिकायत पत्नी ने आयोग में की। आयोग में सुनवाई के बाद पति-पत्नी को साथ ले गया था।

**प्रताड़ित होने पर महिला संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट कराने स्वतंत्र**

उसके बाद भी पति अपनी पत्नी और बच्चों का ध्यान नहीं रख रहा है। उसने पत्नी से मोबाईल भी छीन लिया है और उसे अपने माता-पिता से बातचीत करने से भी रोकता है। इसमें पति के माता-पिता भी साथ देते हैं। पत्नी की इस शिकायत पर आयोग ने पति को निर्देशित किया कि भविष्य में यदि किसी भी तरह का दुर्व्यवहार पत्नी से किया जाता है तो पत्नी संबंधितों के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कर सकती है। अनावेदक पति गोदावरी प्लांट पर वाहन चालक का काम करता है। उसका 20 हजार रुपये मासिक वेतन भी है। आयोग की समझाइश पर पति अपनी पत्नी को घर चलाने और गुजारे के लिए 10 हजार रुपये प्रतिमाह देने के लिए राजी हो गया। प्रकरण को एक वर्ष तक निगरानी में रखा गया है। इसी प्रकार के एक घरेलू विवाद के प्रकरण में पति-पत्नी आयोग की समझाइश पर आपसी राजीनामा और समझौते के आधार पर एक साथ रहने तैयार हुए। इस प्रकरण को तीन माह के निगरानी में रखा गया।




## एक नजर

### बिजली बिल जमा कराने का झांसा दे 4 लाख ठगे




**बिलासपुर।** बिलासपुर में विद्युत वितरण कंपनी के साइबर ठगों से सावधान रहने की एडवाइजरी जारी करने के बाद भी एक टीचर ऑनलाइन ठगी के शिकार हो गए। साइबर फ्रॉड ने उन्हें ऐप के जरिए बिजली जमा कराने का झांसा दिया और उन्हें ऐप डाउनलोड कराकर उनके खाते से साढ़े चार लाख रुपए पार कर दिया। टीचर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तोरवा क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कालोनी देवरीखुर्द में रहने वाले राजीव आंबेकर टीचर हैं। वे कोरबा जिले के बोइदा स्थित मिडिल स्कूल में पदस्थ हैं। बीते रविवार की शाम पांच बजे उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से मैसेज आया। इसमें पिछले माह का बिजली बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने की जानकारी दी गई थी।

### अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर खनिज विभाग सख्त

**सूरजपुर।** क्षेत्र से अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर खनिज विभाग, राजस्व, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर सुइफ्फ़ आरा ने अवैध खनन एवं परिवहन पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। जिले में कोयला, रेत, पत्थर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है उसके संरक्षण के लिए विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

राज्यसभा चुनाव

## जेसीसीजे प्रत्याशी डॉ. हरिदास का पर्चा निरस्त, कांग्रेस के दोनों उम्मीदवार निर्विरोध

रायपुर। राज्यसभा चुनाव में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (JCCJ) के उम्मीदवार डॉ. हरिदास भारद्वाज का नामांकन रद्द कर दिया गया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन का निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय हो गया है।



चुनाव अधिकारियों ने नामांकन की स्क्रूटनी के बाद यह निर्णय लिया है। रिटर्निंग अफसर की ओर से कहा गया है कि डॉ. भारद्वाज ने न्यूनतम 9 प्रस्तावक होने की अनिवार्य शर्त को पूरा नहीं किया है। स्क्रूटनी के बाद राज्यसभा के रिटर्निंग अफसर ने विधि मान्य नाम निर्देशित उम्मीदवारों की सूची भी जारी की है। बता दें कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं जेसीसीजे की तरफ से पूर्व मंत्री डॉ. हरिदास भारद्वाज ने पर्चा दाखिल किया था। विधानसभा में बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच हुई। इस दौरान कांग्रेस के दोनों उम्मीदवारों का पर्चा वैध पाया गया। जेसीसीजे उम्मीदवार डॉ. हरिदास भारद्वाज का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया। रिटर्निंग अफसर के मुताबिक उम्मीदवारी के लिए विधानसभा की कुल सीटों के 10% विधायकों का प्रस्तावक होना अनिवार्य है। जेसीसीजे उम्मीदवार के प्रस्तावक के तौर पर केवल 3 विधायकों के हस्ताक्षर थे, जबकि 9 प्रस्तावक होना चाहिए। इस आधार पर नामांकन खारिज किया गया है। अब 2 सीटों के लिए केवल 2 उम्मीदवार ही मैदान में रह गए हैं।

**जनता कांग्रेस का यह है तर्क**

*जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी का तर्क था कि विधानसभा के कुल विधायकों के 10% की शर्त निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए है। पार्टी समर्थित उम्मीदवार के लिए संबंधित पार्टी के 10% विधायकों का प्रस्ताव और समर्थन काननून जरूरी है। यहां तो उनके दल के 100% विधायकों ने प्रस्तावक के तौर पर हस्ताक्षर किए हैं।*

**गैरकानूनी फैसला लिया तो कोर्ट जाएंगेः अमित जोगी**

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रमुख अमित जोगी ने कहा कि कानूनी पात्रता है, उसके अनुरूप ही हमने एक छत्तीसगढ़िया को अपनी पार्टी की ओर से राज्यसभा प्रत्याशी बनाया है। अगर सरकार के इशारे पर उनके नामांकन के साथ छेड़छाड़ की जाती है तो हम कोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक प्रत्याशी हमने मैदान में उतारा है, जिसके नामांकन का कांग्रेस विरोध कर रही है। मैं उनको बोलना चाहता हूं कि अगर डॉ. हरिदास भारद्वाज के मामले में गैर कानूनी फैसला लिया गया तो न्यायालय के दरवाजे हमारे लिए खुले रहेंगे। हमने लिखित में न्यायिक दृष्टांत के साथ अपने तर्क रिटर्निंग ऑफिसर को दिए हैं।

आबादी नियंत्रित करने जल्द आएगा कानून

## पीएम मोदी ने भारत को दिलाई एक नई पहचान- मंत्री प्रह्लाद पटेल

रायपुर। केंद्रीय जल शक्ति और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री प्रह्लाद पटेल ने दावा किया कि केंद्र सरकार जल्द ही देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए एक विधेयक लाएगी। मीडिया ने उनसे इस कानून को लेकर जानकारी मांगी तब उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण विधेयक जल्द आएगा।



केंद्र सरकार लगातार बड़े और मजबूत फैसले ले रही है। पीएम मोदी के 8 साल के कार्यकाल में भारत को एक नई पहचान मिली है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य का नेतृत्व केंद्रीय योजनाओं को भी ठीक से लागू भी नहीं करा पाया है। जल-जीवन मिशन का काम भी 23 फीसदी ही पूरा हुआ है। मोदी सरकार की 8 साल की उपलब्धियां बताने रायपुर आए मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि देश में 2014 से अब तक बड़ा परिवर्तन हुआ है। 2014 के पहले नेताओं के प्रति अविश्वास था। 2014 के बाद केंद्र सरकार पर विश्वास बढ़ा। पीएम मोदी के नेतृत्व में बेहतरीन काम हुआ। कोरोनाकाल में दुनिया का कोई भी देश वो काम न कर सका जो भारत ने किया। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में धारा 370 को समाप्त करना, रामजन्म भूमि मंदिर मामला, हज की सब्सिडी खत्म, जीएसटी का कानून, ट्रिपल तलाक, दुनिया की सबसे ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा, सर्जिकल स्ट्राइक जैसी बहुत बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हैं।

**केंद्रीय योजनाओं को ठीक से लागू नहीं करा पाया राज्य**

*प्रह्लाद पटेल ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2024 तक भारत के एक-एक घर में नल योजना को पहुंचाना। देश के कई राज्यों ने इस योजना में बहतरीन काम करके दिखाया है। पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अब तक जल जीवन मिशन का 23 फीसदी लक्ष्य ही पूरा कर पाई है, जबकि पूरे देश में इसका औसत 50 फीसदी के करीब है। छत्तीसगढ़ अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाया है। भूपेश बघेल सरकार कहती है कि केंद्र पैसा नहीं भेजता, लेकिन वो यह नहीं बताती कि केंद्र के भेजे पैसों की योजनाओं को राज्य यहां चला ही नहीं पा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का काम ना कर प्रदेश सरकार ने केंद्र को पैसा वापस लौटा दिया है, जिससे जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।*

4त्र नेटवर्क से कनेक्ट होंगे नक्सल प्रभावित 116 गांव

## माओवादी करते थे विरोध, मगर अब पुलिस सुरक्षा के बीच टावर लगाने का काम शुरू

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के 116 नक्सल प्रभावित गांव अब जल्द ही 4त्र नेटवर्क से जुड़ेंगे। इन सभी गांवों में मोबाइल टावर लगाए जाएंगे। सुकमा के गीदम नाला इलाके के पास टावर लगाने की शुरुवात कर दी गई है। बताया जा रहा है कि जवानों की सुरक्षा के बीच काम तेजी से होगा और करीब एक से डेढ़ महीने के अंदर ही नक्सल प्रभावित 116 गांवों में टावर लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। USOF PROJECT LEW-II योजना के तहत टावर लगाए जा रहे हैं। दरअसल, सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित गांवों तक नेटवर्क पहुंचाने के उद्देश्य से पहले भी मोबाइल टावर लगाने की कोशिशें की गई थी। लेकिन नक्सली इसका जबरदस्त विरोध करते थे। नक्सल दहशत की वजह से ग्रामीण सामने आकर मांग नहीं कर पा रहे थे। यही वजह थी कि टावर नहीं लग पाया था। लेकिन, अब जैसे-जैसे इन इलाकों में पुलिस कैंप खुला तो कनेक्टिविटी बढ़ाने की कोशिशें भी तेज की गई। जवानों ने इलाके में अपनी पैठ बढ़ाई।



## होटल व्यवसायी पर जानलेवा हमला,जाच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर** । होटल व्यवसायी पर जान लेवा हमला करने का मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक तिफ्रा में रहने वाले युवक महिला और उसके परिवार वालों को परेशान करते थे। महिला ने इसकी जानकारी अपने भाई को दी। भाई जब युवकों को समझाने पहुंचा तो युवकों ने उस पर राड और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में घायल ने इसकी शिकायत सिरगिट्टी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। तिफ्रा में रहने वाले होटल व्यवसायी ने मारपीट की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि उनकी बहन मन्नाडोल में रहती है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस का नव संकल्प शिविर शुरू

## मिशन-2023 की बनेगी रणनीति, उदयपुर के संकल्पों को आत्मसात करने भी मंथन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस का 2 दिवसीय संकल्प शिविर रायपुर के कमल विहार स्थित माहेश्वरी भवन में शुरू हो गया है। राजस्थान के उदयपुर में नव संकल्प शिविर में लिए गए निर्णयों पर मंथन किया जाएगा। चिंतन शिविर के निर्णयों को राज्य में लागू करने कार्ययोजना बनाई जाएगी। शिविर में मिशन-2023 को लेकर भी रणनीति बनेगी। संकल्प शिविर को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चिंतन शिविर को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने वीडियो संदेश भी जारी किया है, जिसमें उन्होंने उदयपुर के संकल्पों को आत्मसात करने की बात कही है।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि उदयपुर शिविर से निकले संकल्पों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उदयपुर संकल्प के रूप में स्वीकार किया है। उन सभी संकल्पों को आत्मसात करने के उद्देश्य से नवसंकल्प शिविर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किया गया है। बता दें कि दो दिवसीय संकल्प शिविर में कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया, सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक, पीसीसी के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, निगम-मंडल के अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ विभाग के अध्यक्ष, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित कांग्रेस के कुल 269 नेता भाग लेंगे।



**जंगी प्रदर्शन.... बैरिकेड तोड़ दुर्ग निगम में घुसे भाजपाई**

## बीमार आदमी के लिपिस्टिक लगाए जैसा हो गया है शहर- सरोज पांडेय

भिलाई। राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के नेतृत्व में भाजपा की दुर्ग जिला इकाई ने दुर्ग नगर निगम प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोला। भाजपा के इस विरोध प्रदर्शन में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सहित आम जन भी शामिल हुए।

तय कार्यक्रम के तहत सभी लोग झाड़ू राम देवांगन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में इकट्ठा हुए। यहां सांसद पांडेय व अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित किया। इसके बाद यहां सभी लोगों ने नगर निगम दुर्ग के लिए हल्ला बोला। हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान सांसद सरोज पांडेय का दबंग रूप भी देखने को मिला। उनके एक इशारे पर भाजपाइयों ने पुलिस बैरिकेड्स को भी तोड़ डाला और निगम प्रांगण में घुस गए।



भारतीय जनता पार्टी ने आज काफी आक्रामक रूप में दुर्ग नगर निगम के खिलाफ हल्ला बोला। भारी संख्या में पुलिस अधिकारियों और बल को निगम कार्यालय के बाहर तैनात किया गया था कि आंदोलनकारियों को अंदर नहीं जाने देना है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए डबल बैरिकेड्स लगाए थे। दुर्ग सांसद सरोज पांडेय के नेतृत्व में रैली जब दोपहर 2 बजे के करीब दुर्ग निगम के करीब पहुंची तो उन्हें बाहर ही रोक दिया गया।

सरोज पांडेय ने दुर्ग पुलिस को चार से पांच बार बैरिकेड्स खोलने के लिए कहा। जब पुलिस नहीं मानी तो उन्होंने कहा कि उन्हें 5 मिनट नहीं लगेंगे इसे खोलने के लिए। सांसद के इतना कहते ही हजारों की संख्या भाजपाई टूट पड़े। कुछ ही मिनट में वह लोग बैरिकेड्स और लोहे का गेट तोड़ते निगम परिसर में घुस गए। इस दौरान कई भाजपा नेत्रियों और महिला पुलिस को चोट भी लगी। जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को रोकने में नाकामयाब रही तो वह खुद ही पीछे हट गई और माहौल शांत हो गया।




## कांकेर में तेंदूपत्ता की 350 से ज्यादा बोरियां जलकर खाख

### राक को किसी ने लगा दी आग, किसानों को लाखों रुपए का नुकसान

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में तेंदूपत्ता की 350 से ज्यादा बोरियां जलकर खाख को गई हैं। बताया जा रहा है कि, असामाजिक तत्वों ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। रात भर तेंदूपत्ता धू-धू कर जलता रहा। सुबह वन विभाग के कर्मचारी आग बुझाने पहुंचे। बताया जा रहा है कि विभाग और किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। मामला अंतागढ़ थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, जिले के टेमरूपानी गांव के स्कूल के मैदान में सुरेवाही समिति की 150 से ज्यादा तेंदूपत्ता की बोरियां रखी हुई थी। वहीं मंगलवार-बुधवार की देर रात असामाजिक तत्वों ने सभी बोरियों में आग लगा दी। आधी रात को धुंआ उठता देख गांव के ग्रामीण इकट्ठा हुए। जिन्होंने इसकी जानकारी पुलिस और वन विभाग के कर्मचारियों को दी। नक्सल प्रभावित गांव होने की वजह से रात में जवान और कर्मचारी नहीं पहुंचे। जब सुबह आए तो सारी बोरियां जलकर खाख हो चुकी थी। विभाग के कर्मचारियों ने पानी टैंकर मंगवाया और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग को बुझाया। बताया जा रहा है कि इन बोरियों में इलाके के सैकड़ों किसानों का तेंदूपत्ता था। लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है।



# बस बेरोजगारी और महंगाई पर लगाम कसने की दरकार

इन दिनों हमारी अर्थव्यवस्था में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के आंकड़े बहुत उत्साहजनक हैं। यह एक सकारात्मक संदेश है कि अर्थव्यवस्था प्रगति कर रही है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तुत किए गए बजट में सरकार ने 9.5 प्रतिशत की विकास दर का अनुमान लगाया है। जीएसटी की रफ्तार से यह संभव भी है। फिर भी कुछ पक्ष अभी बहुत उलझे हुए हैं, जिनमें बेरोजगारी व महंगाई मुख्य हैं। ऐसे में करों का संग्रहण आखिर बढ़ कैसे रहा है? और अगर बढ़ भी रहा है, तो उसका प्रत्यक्ष फायदा आम आदमी को क्यों नहीं हो रहा है?

बेरोजगारी के मुद्दे का हल तो संरचनात्मक आर्थिक सुधारों से ही होगा तथा इसके अंतर्गत ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती सबसे महत्वपूर्ण है। रही बात महंगाई की तो यह प्रश्न लगातार चर्चा में रहता है कि जीएसटी की अधिक दरें, इसका एक कारण है। इस पर अभी एक राय नहीं बनी है, लेकिन ये सोच लगातार चिंतन में रहती है। किसी भी देश के आर्थिक विकास को नई धार देने के लिए दो तरह की सोच का एक साथ चलाना अत्यंत आवश्यक होता है। एक – राजस्व संग्रहण लगातार बढ़े। दूसरा– राजस्व का अनुपातिक वितरण तुरंत हो। वर्तमान मोदी सरकार के पिछले आठ वर्षों के कार्यकाल का इस पक्ष पर विश्लेषण किया जाए, तो यह पाया जाएगा कि सरकार की प्रथम प्राथमिकता करों के संग्रहण को बढ़ाना रही। इस हेतु एक दूरगामी सोच के तहत सरकार ने उसे 2017 में वस्तु व सेवा कर के रूप में अमलीजामा पहनाया था। वहीं दूसरी तरफ सरकार ने अपने राजस्व के संग्रहण को शुरू से ही आधारभूत ढांचे के विकास पर तेजी से वितरित करना शुरू कर दिया था। इसके परिणाम भारत में तेजी से बढ़ रहे राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार से समझे जा सकते हैं। अर्थव्यवस्था में करों के संग्रहण में बढ़ोतरी इस बात का प्रत्यक्ष आधार होता है कि बाजार में तेजी का रुख कायम है, ग्राहक का विश्वास बना हुआ है, मांग में निरंतर वृद्धि है तथा इसी के परिणाम स्वरूप अंततः उद्योगों व व्यापारों में मुनाफा भी है। इसी संदर्भ में अगर पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न राज्यों के कर संग्रहण की बात की जाए, तो देखा गया है कि सभी बड़े राज्यों में कर संग्रहण में बढ़ोतरी ही पाई गई।

उत्तर प्रदेश में ये 16 प्रतिशत,




**भारत एक आत्मनिर्भर मुल्क बनना चाहता है और इस संदर्भ में उसकी पहली टक्कर चीन से हो रही है। चीन में कर की अधिकतम दर 17 प्रतिशत है, जबकि भारत में अभी यह 28 प्रतिशत है। यह प्रश्न बहुत जायज है, क्योंकि बढ़ता कर संग्रहण जहां एक सकारात्मक रूप प्रस्तुत करता है कि भविष्य में आर्थिक सफलता देगा, परंतु जब वर्तमान परिस्थिति में बढ़ती महंगाई से बचत न हो रही हो तो आम आदमी के लिए यह पक्ष व्यर्थ हो जाता है।**

राजस्थान में 19 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 25 प्रतिशत, कर्नाटक में 19 प्रतिशत, गुजरात में 17 प्रतिशत व मध्य प्रदेश में नौ प्रतिशत रही है। सबसे अधिक दर अरुणाचल प्रदेश में रही जो 90 प्रतिशत थी, तो सबसे कम सिक्किम व पंजाब में रही, जोकि क्रमशः दो व चार प्रतिशत थी। इस अधिनियम के द्वारा जैसे ही कर की जटिलताएं खत्म हुईं, तो उसका प्रत्यक्ष फायदा करदाताओं की संख्या में एकाएक खूब बढ़ोतरी से हुआ। विभिन्न आंकड़ों के अनुसार प्रथम दो वर्षों में ही करीब 80 प्रतिशत से अधिक नए करदाता जुड़े।

यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, इसके कई वैश्विक मायने भी हैं। एक अन्य फायदा यह भी हुआ, जो कि आम सोच के दायरे से बाहर है। वह यह है कि जीएसटी के माध्यम से आयकर का संग्रहण भी बढ़ा है, क्योंकि इस अधिनियम के द्वारा टेक्नोलॉजी के माध्यम से पारदर्शिता को सिस्टम में स्थापित करने की कोशिश भी की गई थी। इन सब के बावजूद अभी यह नहीं कहा जा सकता कि कर व्यवस्था का ढांचा पूर्णतया सही हो चुका है तथा आम आदमी को इससे सुविधा मिल रही है। बहुत सारे प्रश्न लगातार कई समस्याओं को इंगित करते हैं। विश्व के दूसरे मुल्कों की तुलना में हमारी कर-दरें अधिक क्यों है? भारत एक आत्मनिर्भर मुल्क बनना चाहता है और इस संदर्भ में उसकी पहली टक्कर चीन से हो रही है। चीन में कर की अधिकतम दर 17 प्रतिशत है, जबकि भारत में अभी यह 28 प्रतिशत है। यह प्रश्न बहुत जायज है, क्योंकि बढ़ता कर संग्रहण जहां एक सकारात्मक रूप प्रस्तुत करता है कि भविष्य में आर्थिक सफलता देगा, परंतु जब वर्तमान परिस्थिति में बढ़ती महंगाई से बचत न हो रही हो तो आम आदमी के लिए यह पक्ष व्यर्थ हो जाता है। इसके अलावा पिछले काफी समय से यह चर्चा भी आम रही है कि पेट्रोल व डीजल के मूल्य, जोकि हर आम आदमी को परेशान कर रहे हैं, उन्हें क्यों नहीं जीएसटी के दायरे में लाया जाता? वाकई जनहित में इस कानून में कुछ सुधारों की सख्त

पी. एस वोहरा

## संपादकीय

### जाति राजनीति की सीमाएं

असल सवाल है कि क्या सभी दलित-पिछड़ी जातियां अपने को एक समुदाय के रूप में देखती हैं? क्या अपनी अलग-अलग पहचान को भुला कर एक अस्मिता के साथ वे खड़ी होती दिख रही हैं?

जिस समय बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जातीय जनगणना की मांग को लेकर बिहार में नई पैंतरेबाजी करते दिख रहे हैं, उसी समय आंध्र प्रदेश में एक जिले का नाम बदलने को लेकर विवाद ने हिंसक रूप ले रखा है। सरसरी तौर पर इन दोनों घटनाओं को एक साथ देखना बहुत से लोगों को अजीब लग सकता है। लेकिन अगर गहराई से गौर करें, तो इनके बीच संबंध नजर आएगा। आंध्र प्रदेश की सरकार ने अमलापुरम जिले का नाम बदल कर उसका नया नाम बीआर अंबेडकर जिला करने का फैसला किया। इस पर विरोध भड़क उठा। अब ध्यान देने की बात है कि इसका सबसे तीखा विरोध कौन से समुदाय कर रहे हैं। ये विरोध ओबीसी जातियों और उनमें भी खास कर कापू जाति की तरफ से हुआ है। जबकि शहरी बुद्धिजीवी वर्ग में आम धारणा है कि डॉ. अंबेडकर तमाम दलित-पिछड़ी जातियों यानी बहुजन समुदाय के प्रतिनिधि हैं। इसी वर्ग ने जातीय जनगणना को देश की तमाम समस्याओं के समाधान के रूप में पेश कर रखा है। स्पष्टतः अमलापुरम की घटना यह बताती है कि भारतीय समाज में जातीय आधार पर बहुजन समीकरण बनाना टेढ़ी खीर है।

1990 के दशक में ऐसा होने के संकेत जरूर मिले थे, लेकिन उसके बाद अलग-अलग जातियों के बीच अपनी अलग पहचान जताने की होड़ मची, उसने ऐसी संभावना को अब बेहद धूमिल कर दिया है। बसपा, सपा, राजद जैसी पार्टियों की कमजोर हुई स्थिति इसी नई परिस्थिति का परिणाम है।

## यादों में के.के.: तुम्हारी आवाज़ का मखमल हर टीनएजर के सपनों का हिस्सा रहेगा

वो ठंड के दिन थे। नए साल की आहट धीरे-धीरे करीब आ रही थी। सुबह की हवाएं अपनी छुअन से रोमांचित करतीं और गुलाबी शामें गालों पर अबीर बिखेर देती थीं। ऐसी ही एक शाम मैं एक ऑडियो कैसेट भरवाने एक दुकान पर पहुंची। ये वो दौर था जब मनोरंजन के लिए हम टीनएजर्स के पास एक बड़ा जरिया थे ऑडियो कैसेट्स।

दरअसल, उस समय 10 या 20 रुपये में एक कैसेट आता था और उसमें हम अपनी पसन्द के गाने भरवाकर तब तक चलाते थे, जब तक कैसेट घिस न जाए। ये ओरिजनल कैसेट से थोड़ा सस्ता मामला था और सबसे बड़ी बात यह थी कि एक ही कैसेट में आप अपनी पसन्द के अलग-अलग गाने भरवा सकते थे।

गानों की मेरी फेहरिस्त में एक गाना था हेलो डॉक्टर दिल की चोरी हो गई। साउथ की एक हिंदी रीमेक इस फ़िल्म को तो हमने नहीं देखा था लेकिन ब्रायन एडम्स के समर ऑफ 69 की ही तरह ये गाना भी जुबान पर ऐसा चढ़ा कि क्लासेस के बीच टेबल्स को ड्रम बना हम क्लासमेट्स शुरू हो जाते। गाने के बोल तो याद हो गए थे लेकिन तब तक इसके सिंगर कृष्ण कुमार कुन्थ यानी केके से हमारा परिचय नहीं था। और ये




***बहुत कम कलाकार ऐसे होते हैं जो अपनी आवाज़ के साथ सीधे आत्मा तक उतरने की खूबी रखते हैं। केके उनमें से ही एक थे। उनकी आवाज़ में जो मखमली, रेशमी, मुलायम सी छुअन थी, वो आने वाले कई सालों तक इश्क के बुखार में जकड़े टीनएजर्स के मासूम लव एट फर्स्ट साइट को बरकरार रखेगी। जब जब उनके गाने सुने जाएंगे, लोगों के दिलों में केके मुस्कुराएँगे।***

परिचय हुआ रॉकफोर्ड फ़िल्म के गाने यारों दोस्ती, बड़ी ही हसीन है। और चेहरे पर कई रंग बिखेरते, रंग-बिरंगे सिल्क शर्ट्स के साथ इस एलबम में मुस्कुराते केके अपनी आवाज़ सहित दिल मे उतर गए।

उम्र के सोलहवें-सत्रहवें दौर में इस गाने को शायद ही किसी ने न गुनगुनाया होगा। इसके बाद तो मेरा पहला पहला प्यार, इश्क ने तेरे इश्क़ ने जैसे गानों के साथ केके इश्क़ करने वालों के ऑफिशियल मैस्कॉट बन गए। अपनी खूबसूरत आवाज़ के साथ ही हमेशा कायम रहने वाली मुस्कान से उन्होंने सबके दिलों में स्थाई जगह बना डाली।

ये वो दौर था जब भारत में भी रॉक और पॉप को लेकर नए प्रयोग किए जा रहे थे और केके ने इसको नया अंदाज दिया। उनकी आवाज़ की सबसे बड़ी खासियत थी हाई नोट्स पर भी मुलायम बने रहने की। किशोर कुमार को अपना आदर्श मानने वाले इस गायक ने भी संगीत के लिए कोई विधिवत शिक्षा नहीं पाई थी। ये उनकी प्रकृति प्रदत्त आवाज़ का ही असर था जिसने उनके गाए गानों को अमर कर दिया। दिल इबादत कर रहा, तड़प तड़प के इस दिल से, तू ही मेरी शब है, जैसे अनगिनत गाने हैं जो सदियों तक प्रेम का प्रतीक बनकर लोगों को लुभाते रहेंगे।

खासकर युवाओं में बेहद प्रसिद्धि, और कम समय मे इतनी ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद केके बेहद विनम्र रहे। उन्होंने अपने समकक्ष गायकों से लेकर अपने बाद में आने वाली पीढ़ियों तक हर गायक की खुलकर प्रशंसा की। यही बड़प्पन असली कलाकार की पहचान होता है। केके अचानक ही, कम उम्र में सफर अधूरा छोड़कर चल दिये। उनके पीछे गुलाब की पंखुड़ियों की तरह महकते बिखरे रहेंगे उनके गाने और उनकी आवाज़ गूंजकर कहती रहेगी–

हम रहें या न रहें कल,
कल याद आएंगे ये पल।
पल ये हैं प्यार के पल,
चल आ मेरे संग चल।
चल सोचे क्या, छोटी सी है ज़िन्दगी।
कल मिल जाएं, तो होगी खुशनसीबी।

स्वाति शैवाल

## मिला जुला

# अलविदा केके

## कोलकाता में गन सैल्यूट दिया गया, कल अंतिम संस्कार, शाम को मुंबई जाएगी पार्थिव देह

*कोलकाता(एजेंसी)। बॉलीवुड सिंगर केके (कृष्ण कुमार कुन्नथ) का मंगलवार को कोलकाता में लाइव कॉन्सर्ट के बाद 53 साल की उम्र में निधन हो गया। परफॉर्मेंस के बाद वह होटल पहुंचे और उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें CMRI (कोलकाता मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट) हॉस्पिटल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि उनके सिर में चोट थी। पुलिस ने अननैचुरल डेथ का केस दर्ज किया है। कॉन्सर्ट की CCTV फुटेज की भी जांच की जाएगी।*




सिंगर की पत्नी और बच्चे कोलकाता पहुंचे हैं। पोस्टमार्टम के बाद केके की पार्थिव देह रबिन्द्र सदन लाया गया है। यहीं उन्हें पश्चिम बंगाल सरकार राजकीय सम्मान देगी। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल की ष्टरूममता बनर्जी ने रबीन्द्र सदन पहुंचकर केके को श्रद्धांजलि दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, शाम 5 बजे की फ्लाइट से केके की पार्थिव देह मुंबई ले जाया जाएगा। सिंगर का अंतिम संस्कार कल मुंबई में होगा।

### पीएम मोदी ने जताया शोक

पीएम मोदी ने केके के निधन पर दुख जताया है। पीएम ने कहा केके के निधन से दुखी हूं, उनके गानों से हर उम्र के लोग जुड़े हुए हैं। वो अपने गानों के जरिए हमारे दिल में हमेशा जिंदा रहेंगे। ईश्वर उनके परिवार को शक्ति दे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी केके के निधन पर शोक जताया है। केके के निधन से बॉलीवुड इंडस्ट्री में दुख का माहौल है। अभिनेता अक्षय कुमार, सिंगर अरमान मलिक, अभिनेत्री सोनल चौहान और मुनमुन दत्ता समेत कई हस्तियों ने उनके निधन पर दुख जताया है। केके समेत देश ने पिछले 2 दिन में परफॉर्मेंस के दौरान दो सिंगर्स को खो दिया है। **हिंदी-तमिल समेत 11 भाषाओं में गाने गाए**-23 अगस्त 1968 को दिल्ली में जन्मे मशहूर प्लेबैक सिंगर कृष्णकुमार कुन्नथ को इंडस्ट्री में केके नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने हिंदी ही नहीं तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, मराठी, बंगाली, गुजराती समेत अन्य भाषा की फिल्मों के लिए भी गाने गाए हैं।

# कमलनाथ सरकार ने बंद कर दी थीं कई सारी योजनाएं

**भोपाल( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को भोपाल में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार ने मध्य प्रदेश की कई सारी योजनाएं बंद कर दी थीं। भ्रष्टाचार, कांग्रेस और कमीशन एक साथ चला। लेकिन भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश की तस्वीर बदलने में बहुत बड़ा योगदान दिया है।



भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जहां तक भाजपा का सवाल है, आप जानते हैं कि हम अपने वरिष्ठ नेता और पार्टी की नींव रखने वाले कुशाभाऊ ठाकरे जी की जन्म शताब्दी मना रहे हैं। हमने इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की योजना बनाई है। बूथ के सशक्तिकरण के काम को हमने आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हम बूथ सशक्तिकरण के लिए काम कर रहे हैं। देश में 10.40 लाख राजनीतिक बूथ हैं, हम अभी तक 8.50 लाख बूथों तक अपने काम का विस्तार कर चुके हैं। यहां भी हम डिजिटल रूप से 64,634 बूथ पर अपने काम को आगे बढ़ाया है। इसके लिए मैं विष्णुदत्त जी को विशेष रूप से बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर अब तक हमारी 4 पीढ़ियों ने खुद को खपाया है। उन कार्यकर्ताओं को याद करने के लिए नमो ऐप पर कमल पुष्प सेक्शन है। जिसमें कार्यकर्ताओं की जीवनी जोड़ी गई है। मध्य प्रदेश में 1,397 कार्यकर्ताओं की जीवनी को इसमें जोड़ा गया है, जिन्होंने पार्टी के लिए अपना सर्वस्व अर्पण किया।

**भाजपा ने बांटे 3 करोड़ सेनिटाइजर**

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी अकेली ऐसी पार्टी है, जिसके कार्यकर्ताओं ने कोरोना के दौरान जनता के बीच जाकर सेवा का काम किया।

हमनें लगभग 50 करोड़ फूड और राशन के पैकेट, 30 करोड़ के आसपास मास्क, लगभग 3 करोड़ सेनिटाइजर बांटे।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज मध्य प्रदेश आर्थिक दृष्टि से उन्नत प्रदेश के रूप में जाना जाता है। लेकिन कांग्रेस के शासन में मध्य प्रदेश बीमारू प्रदेश के रूप में जाना जाता था।

## मूसेवाला की हत्या के बाद सलमान की सुरक्षा बढ़ी

**मुंबई( एजेंसी )।** मुंबई पुलिस ने सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी है। यह कदम सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद मिले एक सीक्रेट इंटेल के बाद उठाया गया है। अब सलमान के साथ उनकी प्राइवेट सिक्योरिटी के साथ मुंबई पुलिस के आधा दर्जन सिपाही भी रहेंगे। मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गे गोल्डी बरार ने ली है। इसी गैंग ने सलमान को कुछ साल पहले जान से मारने की धमकी दी थी। इसे देखते हुए सलमान की सुरक्षा बढ़ाई गई है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, हमने सलमान खान की सुरक्षा बढ़ाई है। पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए उनके अपार्टमेंट के आसपास मौजूद रहेगी कि राजस्थान से गिरोह कोई हरकत न करे।



## मानसून आए बिना ही मौसम विभाग ने कर दी घोषणा?

भारतीय मौसम विभाग ने 29 मई को केरल में समय से तीन दिन पहले ही दक्षिण-पश्चिम मानसून पहुंचने की घोषणा कर दी। कुछ स्वतंत्र विशेषज्ञों ने IMD की इस घोषणा पर सवाल उठाए हैं। इन एक्सपर्ट्स का कहना है कि जिस दिन (29 मई) मानसून के आने की घोषणा हुई, उस दिन मानसून आने को लेकर खुद IMD ने जो मानक बताए हैं वो पूरे ही नहीं हुए थे। हालांकि, IMD ने इन आरोपों को खारिज किया है।



ऐसे में चलिए जानते हैं कि आखिर क्यों उठे IMD के मानसून को आने को लेकर सवाल? आखिर कैसे तय होता है मानसून का आना? IMD ने इस विवाद पर क्या कहा है?

## मदरसों को स्कूलों में बदलने का मामला- गुवाहाटी हाईकोर्ट के फैसले को SC में चुनौती

**असम.** मदरसों को स्कूलों में बदलने वाले असम सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। फरवरी में गुवाहाटी हाईकोर्ट के असम रिपीलिंग एक्ट 2020 को बरकरार रखते हुए कहा था कि असम के सभी गवर्नमेंट-फंडेड मदरसे स्कूलों में बदले जाएं। इसी आदेश के खिलाफ मंगलवार को मोहम्मद इमादुद्दीन बरभुइया व अन्य ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। याचिका में कहा गया



है कि निरसन अधिनियम और उसके बाद के सरकारी आदेशों ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25, 26, 28 और 30 के तहत याचिकाकर्ताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया है।

### 4 फरवरी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका

मुख्य न्यायाधीश सुधांशु धूलिया (अब सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत) और जस्टिस सौमित्र सैकिया की पीठ ने 4 फरवरी को एक्ट की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था और कहा था कि राज्य सरकार का ये बदलाव केवल प्रोविन्सियलाइज्ड मदरसों के लिए है, जो सरकारी हैं।

## सोनिया-राहुल को ED का नोटिस- नेशनल हेराल्ड केस में पूछताछ के लिए राहुल को बुलाया, उन्होंने वक्त मांगा; सोनिया 8 को जाएंगी

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को समन भेजा। श्रष्ठ ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में राहुल गांधी को 2 जून यानी कल और सोनिया गांधी को 8 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक राहुल ने बाहर होने का हवाला देकर अभी वक्त मांगा है, जबकि सोनिया



8 जून को पूछताछ में शामिल होंगी। एजेंसी ने नेशनल हेराल्ड केस की जांच में दोनों नेताओं को शामिल होने को कहा है। इस केस में श्रष्ठ ने कांग्रेस के 2 बड़े नेता पवन बंसल वह मल्लिकार्जुन खड़गे को बीते 12 अप्रैल को जांच में शामिल किया था। 2014 में सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया और राहुल के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसमें स्वामी ने गांधी परिवार पर 55 करोड़ की गड़बड़ी का आरोप लगाया था।

### कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला

कांग्रेस ने नोटिस जारी होने पर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि तानाशाह सरकार डर गई है, इसलिए बदले की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बदले की भावना में अंधी हो गई है।

# केलोभूमि परिवार की नई पीढ़ी के होनहार निलेश वीरेंद्र शर्मा को राज्यपाल सुश्री उइके ने गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

## कुशाभाऊ ठाकरे जर्नलिज्म यूनिवर्सिटी में धूमधाम से संपन्न हुआ पंचम दीक्षांत समारोह

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

दो दिन पूर्व 30 मई को छत्तीसगढ़ की राज्यपाल एवं कुलाधिपति सुश्री अनुसुईया उइके की गरिमामय मौजूदगी में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के पंचम दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। जिसमें स्नातक, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों एवं पीएचडी धारकों को उपाधि प्रदान की गई।




इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व महासचिव, ब्रॉडकास्ट एडिटर्स एसोसिएशन एनके सिंह, विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर उपस्थित रहें। पंचम दीक्षांत समारोह में वर्ष 2019, 2020 एवं 2021 के 345 स्नातक, 584 स्नातकोत्तर एवं दो शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री एवं प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर महामहिम राजयपाल सुश्री उइके के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कड़ी में हमारे रायगढ़ जिले सहित प्रदेश की पत्रकारिता में बीते दो दशक से महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले रायगढ़ जिले के वरिष्ठ पत्रकार व साप्ताहिक अख़बार ष्केलोभूमिष् के प्रधान संपादक आलोक पाण्डेय और स्वतंत्र लेखन के लिए पूरे राज्य में विख्यात न्यूज़ वेब पोर्टल ष्हल्लाबोलष् के निर्देशक अमित पाण्डेय के 25 वर्षीय इकलौते भांजे निलेश वीरेंद्र शर्मा को भी अपने संकाय



में स्नातकोत्तर में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त के लिए महामहिम राज्यपाल सुश्री उइके जी के हाथों गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बता दें कि कुशाभाऊ ठाकरे यूनिवर्सिटी से जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में मेरिट के साथ स्नातकोत्तर करने वाले निलेश वीरेंद्र शर्मा दोनों प्रमुख भाषाओं हिंदी और इंग्लिश में गजब की कमांड रखते हैं और पढ़ाई के दौरान ही उनके द्वारा स्क्रिप्टेड और डायरेक्टेड कई स्टोरीज को प्रदेश सहित देश भर में काफी सराहा जा चुका है। उन्होंने अभी हाल में दो से तीन महीने पूर्व ही नेट की परीक्षा को अपने प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण किया है और वर्तमान में वे पंजाब के गुरुनानक यूनिवर्सिटी ऑफ मास कम्युनिकेशन में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत है और इस दौरान वे पीएचडी में एनरोल्ड होकर अपने विषय विशेष में शोध कार्य एवं थीसिस की तैयारी में भी जुटे हुए हैं।

## एक नजर

### कलेक्टर ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु बाकी नदी के तट पर किया वृक्षारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



पर्यावरण एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज बांकी नदी तट में वृक्षारोपण किया। कलेक्टर ने कहा कि पेड़ पौधे अपने जीवन पर्यन्त मानव सहित जीव-जंतुओं को अनेक लाभ पहुंचाते हैं। पेड़ो से हमें, शुद्ध हवा, फल, छांव, जलाऊ लकड़ी मिलता है। साथ ही वृक्ष की पत्तियों से खाद भी मिलता है। जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। इसी प्रकार जल संरक्षण के लिए पेड़ पौधे आवश्यक है। यह मिट्टी के कटाव को भी रोकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के बचाव के लिए आज के समय में वृक्षारोपण आवश्यक है इस हेतु सभी अपने आस पास पौधरोपण कर उसकी रक्षा करें। इस अवसर पर सीजीएम डमरूधर चौहान, मजिस्ट्रेट राज, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, एसडीएम जशपुर बालेश्वर राम सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी सहित आम नागरिकों ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### फिर पकड़ाया लाखों का गांजा, बसना और पटेवा पुलिस की कार्यवाही

4 तस्करों सहित 2 मोटरसाइकिल, 2 मोबाइल भी जब्त

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पुलिस की लगातार धर पकड़ के बाद गांजा तस्कर बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस भी राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य सड़कों पर भी पैनी नजर रखे हुए है। जिससे बचकर निकल पाना नशे के सौदागरों के लिए आसान नहीं है। सोमवार को ही बसना पुलिस द्वारा 2 लाख रुपये का गांजा पकड़ा गया है और बिलासपुर जिला निवासी आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। कल सोमवार को भी बसना पुलिस द्वारा मुखबिर से मिली सुचना के आधार पर एन एच 53 में सिरको मोड़ के पास घेराबंदी कर बसना थाना क्षेत्र के ही ग्राम संकरी निवासी काशी नाथ मानिकपुरी को दबोचा गया। जांच में आरोपी के पास से सफेद प्लास्टिक की बोरी में भरा हुआ 10 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया जिसे वह अपने दुपहिया क्रमांक सीजी 06 जीएम 9207 से परिवहन कर रहा था। जब्तशुदा गांजा दो लाख रुपये का बताया गया है। काशीनाथ मानिकपुरी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट.20 ;ख, के तहत कार्यवाही की गयी है ।

#### पटेवा पुलिस ने पकड़ा 3 गांजा तस्करों को

इसी प्रकार जिले की पटेवा पुलिस ने भी मुखबिर से मिली सुचना पर एन एच 53 में फारेस्ट रेस्ट हाउस के पास नाकाबंदी करते हुये दुपहिया सवार 3 युवकों को पकड़ा । पकड़े गये आरोपियों में दिलीप पवार 30, राजेश सोलंकी 24 और अनुज सिसोदिया 27 सभी थाना पंडरिया जिला कवर्धा के निवासी है। ये लोग बाइक क्रमांक सी जी 09 जे एल 5699 द्वारा उड़ीसा से गांजा लेकर आ रहे थे। पुलिस द्वारा गांजा के साथ परिवहन में प्रयुक्त वाहन तथा दो नग मोबाइल बरामद कर आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट.20 बी, के तहत कार्यवाही की गयी। आरोपी जेल दाखिल कर लिये गये हैं।

### घर को कब्जा कर मकान में लगे बोरवेल्स के समान को चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा** । जिला कबीरधाम के थाना सिंघनपुरी जंगल में प्रार्थी श्याम दास निर्मलकर निवासी कोयलारी द्वारा प्रस्तुत शिकायत जांच में अनावेदक समल सिंह साहू पिता राम सिंह साहू, राकेश पिता समल सिंह साहू एवं मुकेश पिता राम सिंह साहू निवासी ग्राम कोयलारी द्वारा एक राय होकर प्रार्थी श्यामदास निर्मलकर के मकान को एक राय होकर उसके जमीन को अपना बताकर कब्जा कर मकान में ताला लगाकर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दिये जाने पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 12/22 धारा 448,506,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया तथा विवेचना दौरान आरोपियों द्वारा प्रार्थी के कब्जे किये गये मकान को विधिसंगत् खोलकर मकान अंदर जाकर देखने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी के कब्जे में मौजूद बोरवेल्स में लगे सबमर्सिबल पम्प एवं अन्य सामग्री को चोरी कर अपने बाड़ी में उपयोग करना पाये जाने से मामले में धारा 454,380 भादवि जोड़ा जाकर आरोपी (1) समल सिंह साहू पिता राम सिंह साहू उम्र 50 वर्ष (2) राकेश पिता समल सिंह साहू उम्र 28 वर्ष एवं (3) मुकेश पिता राम सिंह साहू उम्र 30 वर्ष सभी निवासी ग्राम कोयलारी थाना सिंघनपुरी जंगल को विधिसंगत् गिरफ्तारी कर रिमांड में भेजा गया है।

# विधायक भगत की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस का हुआ आयोजन

तंबाकू के नियंत्रण हेतु सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में आगे बढ़कर कार्य करें -विधायक विनय भगत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





धुम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के लिए विधायक जशपुर विनय भगत की उपस्थिति में विगत दिवस जशपुर नगरीय क्षेत्र स्थित वशिष्ट कम्युनिटी हाल में अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को तंबाकू के सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विधायक भगत ने लोगों को धूम्रपान से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए कहा कि नशा, नाश का जड़ है। तंबाकू के सेवन शरीर का बहुत नुकसान पहुंचाता है। इससे व्यक्ति के साथ.साथ उसका पूरा परिवार भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह सुनिश्चित करना जरूरी होगा कि आम नागरिक शराब, सिगरेट, तम्बाकू सहित हर प्रकार के नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकर स्वेच्छा से धूम्रपान निषेध की ओर आगे बढ़े। साथ ही जन समुदाय से धूम्रपान का त्याग करने की अपील की गई। उप संचालक समाज कल्याण ने प्रतिवेदन का वाचन किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग सुचिता मिंज, सूरज चौरसिया, गणमान्य नागरिक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# रतनपुर थाने में लगी आग सैकड़ों टू व्हीलर गाड़ी जलकर हुई खाक

बिलासपुर के फायर ब्रिगेड बुझाई आग





जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

रतनपुर थाना परिसर में लगी आग, सैकड़ों गाड़ी जलकर खाक, दरसल आपको बता दे कि तेज गर्मी और तपती धूप से इंसान वैसे ही झुलस रहा है। और फि र पुरानी गाड़ियों का तो भगवान ही मालिक होता है सूत्रों ने बताया कि तेज धूप की वजह से शायद आग लग गयी होगी या फिर कुछ और भी कारण हो सकता है। इधर पुलिस भी कुछ कहने से डर रही है। बल्कि हर कोई आश्चर्य में है कि इतनी बड़ी घटना कैसे और किस तरह से हो गयी। फिलहाल तो यह जांच का विषय है और रतनपुर में एक दमकल की गाड़ी है जिस का संचालन नगर पालिका करती है वह भी बिगड़ी हुई थाना परिसर में ही पड़ी रहती है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है शासन प्रशासन की लापरवाही इस घटना ने उजागर कर दिया है थाना परिसर में ही खड़े रहे दमकल लेकिन आग बुझाने में घंटों लग गए तब तक 100 से 200 गाड़ियां जलकर खाक हो गई। पुलिस वाले और लोगों की मदद से थोड़ा बहुत आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन बिलासपुर से दमकल पहुंचने के बाद ही आग पर काबू पाया गया बताया जा रहा है कि जिस जगह पर गाड़ी में आग लगी है वह रतनपुर थाना परिसर की यह घटना है।

## 15 लीटर महुआ शराब के साथ महिला पकड़ाई, जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले की बसना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड नंबर 01 बसना में रोतम बाई नामक महिला अवैध रूप से बिक्री वास्ते देशी हाथ भठ्ठी निर्मित महुआ शराब रखी है। सूचना पर हमराह स्टाफएवं गवाह के मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचकर संदेही को तलब किया जो उपस्थित आये जिनसे नाम पता पूछने पर अपना नाम रोतम बाई पति दूधनाथ सोनवानी उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01 बसना थाना बसना जिला महासमुंद छग का निवासी होना बताई व अपने घर से 03 पीले रंग का प्लास्टिक जरिकेन 05, 05 लीटर वाली प्रत्येक मे 05, 05 लीटर हाथ भठ्ठी देशी महुआ शराब जुमला 15 लीटर कीमती 3000 रूपये को निकाल कर पेश कि जिसे जप्त कर आरोपिया के विरूद्ध धारा 34,2,आब0 एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा दिया गया।

# सहायक उप निरीक्षक को एमटी आर्म्स के पद पर पदोन्नत होने पर लगाया स्टार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह व अति पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अति पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन द्वारा सहायक उप निरीक्षक एमटी मातवर सिंह एवं सहायक उप निरीक्षक आर्म्स अमरेन्द्र कुमार सिंह को विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत उप निरीक्षक एमटी आर्म्स, के पद पर पदोन्नत होने पर स्टार लगाया गया। कलेक्टर एवं एसपी द्वारा पदोन्नत हुए उप निरीक्षक एमटी मातवर सिंह एवं उप निरीक्षक आर्म्स अमरेन्द्र कुमार सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। और उन्होंने कहा की इसी उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए समाज में कानून तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। एएसपी द्वारा भी पदोन्नति प्राप्त उप निरीक्षक एमटी,आर्म्स, को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्टेनों अजय देवांगन, सउनि अ, प्रदीप देशमुख, दीपक गाजर्लेवार, लुमेश देवांगन, महेन्द्र भुआर्य, संतोष सोनवानी, प्रवीण लोहले, सउनि एसपी रीडर विनोद शर्मा, प्रधान आरक्षक सुरज भान सिंह, कन्हैया शर्मा, एश्वर्य सिंह, घनश्याम साहू, आरक्षक अखिलेश क्षत्री, मनीष देवांगन, पेखन सिंह, विश्राम साहू, वाजिद खान, अंश प्रताप सिंह, भेनू साहू, राकेश साहू, प्रवीण कुमार, अमरदीप लहरे, भारत साहू, धर्मेन्द्र सिंह, बिरेन्द्र चंद्राकर, वासु साहू, जितेन्द्र नेताम, राजेश नाथ योगी, सुरेश यादव, यशपाल सिंह, ताम्रध्वज चतुर्वेदी, संजय सप्रे, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, महिला आरक्षक भारती राजपूत, महिला आरक्षक,अ, प्रियंका सिंह, राही यादव व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधि/कर्म उपस्थित रहे।

# वानांचल के बच्चे भी अब निजी स्कूल के तर्ज पर शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कर रहें पढ़ाई

अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में सर्व सुविधायुक्त प्रयोगशाला, लाइब्रेरी सुसज्जित सभी सुविधाएं उपलब्ध है

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जशपुर जिले के बच्चों को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयों के माध्यम से अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। जिले में 08 विकासखण्डों में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम एवं 01 हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालन किया जा रहा है। पालकों एवं बच्चों में भी उत्साह बना हुआ है और बच्चे नियमित विद्यालय में अध्ययन कर रहें हैं। पालकों ने खुशी भी जताई की छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बच्चों के लिए शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल की सुविधा सारे विकास खण्ड में कराई गयी है और बच्चों निजी स्कूल की तर्ज पर ही शासकीय स्कूलों में शिक्षा दी जा रही है। सभी विकासखण्डों के अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में लगभग 3800 सीटे निर्धारित की गई है। इनमें से 3500 सीटों में प्रवेश लेकर बच्चें पढ़ाई कर रहें हैं। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सभी अग्रेजी माध्यम स्कूल में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराया गया है। इसी कड़ी में सत्र 2019-20 से प्रारंभ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर में 480 सीट अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 1 ली से 12 वीं तक के विद्यार्थी अध्ययनरत है। विद्यालय के प्रारंभ होने से स्थानीय पालकों में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने के प्रति जबरदस्त रुचि दिखाई देती है। विद्यालय में प्रत्येक दिवस प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा प्रत्येक कक्षा में क्या सीखा जाता हैए उसको ऑनलाईन पालकों के साथ प्रतिदिन साझा किया जाता है। महत्वपूर्ण यह है कि कक्षा 11 वीं और 12 वीं के बच्चों को आईण्आईण्टीण.नीट परीक्षा की भी तैयारी कराई जा रही है। सभी विद्यालयों में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ प्रयोगशालाएं,पुस्तकालय और सुसज्जित कक्षा तैयार किए जा रहे हैं। जिले में स्वामी आत्मानंद विद्यालय प्रारंभ किए जाने से पूरे जिले के पालको में काफी उत्साह देखा जा रहा है। शासकीय विद्यालयों के प्रति अब पालको का विश्वास पहले से बढ़ा है और सभी बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके। इसके लिए शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत हैं। बच्चों के पालकों ने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

**पालक अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश दिलाकर हुए खुश**

*** पालकों ने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया**

# सरपंच व रोजगार सहायक के मिली भगत से मनरेगा कार्य में लाखों रुपए का बन्दर बांट

जोहार छत्तीसगढ़-पंडरिया।

**मनरेगा योजना के तहत होने वाले काम में किसी तरह की गड़बड़ी ना हो इसके लिए सरकार द्वारा युक्ति निकाली गई। इसके तहत निर्माण स्थल पर रोजगार सहायक मजदूरों की हाजिरी मास्टर रोल में भरी जाएगी।**



मजदूरी का पैसा सीधे मजदूरों के बैंक खातों में भेजा जाएगा इसके बाद भी फर्जीवाड़ा में नहीं लग पा रहा है अंकुश यह मामला जनपद पंचायत पंडरिया ग्राम पंचायत लिमहाईपुर का है जहां हरिलाल खेत के पास इसी वर्ष तलाब गहरी करड़ कार्य मनरेगा के तहत कराया गया है जिसमे रोजगार सहायक एसरपंच के मिली भगत से लाखों रुपए का फर्जी मस्टर रोल में हाजरी भर कर पैसा गबन किया गया है। जो बहोत बड़ा जांच का विषय है।

### मस्टर रोल में इस तरह की जाती है गड़बड़ी

मनरेगा योजना के तहत होने वाले कार्य में काम करने वाले मजदूरों के सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाता है पंचायत जिम्मेदारों के सहयोग से रोजगार सहायक आपने जान पहचान एरिस्ते दार लोगों के नाम पर फर्जी तरीके से चढ़ाकर जनपद में भेज दिया जाता है और जब मजदूरी की राशि फर्जी मजदूर के बैंक खाते में आ जाती है तब उस पैसे को आहरण करा कर उस मजदूर को कुछ पैसा देकर पूरी राशि इनके द्वारा लेकर बंदरबांट कर लिया जाता है इससे जहां एक तरफ मजदूरों के हक का पैसों का दुरुपयोग हो रहा है इससे निर्माण कार्य निर्माणाधीन रह जाते हैं और शासन के पैसों का दुरुपयोग एवं नुकसान हो रहा है।

### कहीं इन्हें उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त तो नहीं

इस प्रकार का फर्जी हाजरी ओ भी बिना डर भैय का वही कर्मचारी कर सकता है जिसके ऊपर उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्रापत हो उसे काहे का डर तभी तो कई लाखों रुपए का फर्जी मस्टर रोल बना कर अपने जेब भर रहे है और साथ में अधिकारों का भी। अब देखने वाली बात ये है कि वर्तमान जनपद सी ओ क्या एक्शन लेते हैं।

## एक नजर

### कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला की बेटी यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में हुई चयनित श्रद्धा शुक्ला ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2021 में 45वीं रैंक हासिल कर चयनित छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला की बेटी श्रद्धा शुक्ला ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आपने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। आपकी सफलता से राज्य की बेटियों को आगे आने की प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धा शुक्ला के पिता सुशील आनन्द शुक्ला और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष व विधायक कुलदीप जुनेजा उपस्थित थे।

### खैरा में अखिल भारतीय सतनाम सेना का कार्यक्रम संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा के आशीर्वाद से ग्राम खैरा में अखिल भारतीय सतनाम सेना द्वारा आरती मंगल किया गया। जिसमें ग्राम निवासी महिलाएं एवं युवा साथी के द्वारा आरती मंगल पूर्ण हुआ आरती मंगल के बाद अखिल भारतीय सतनाम सेना के जिलाध्यक्ष अजय कुर्रे के नेतृत्व में युवा साथियों को सतनाम सेना के सदस्य बनाए गए और समस्त पदाधिकारी भी शामिल थे जिनमें शहर अध्यक्ष राजू, जिला मीडिया प्रभारी संजय, सोशल मीडिया सूरज एवं समस्त पदाधिकारी और ग्राम के युवा साथी जिस में चुम्मन कोसरे, अखिल कठारिया, चंद्रशेखर बंजारे, भूपेंद् टंडन, थामेश, राजकुमार बंजारे, टूकेश बंजारे, गौतम, यमेंद कुर्रेए ओमप्रकाश बंजारे, सलिक बंजारे त्रीपी कृषि खूटे, रामराज डहरिया, लोमश बंजारे, तिलोखि बंजारे, योगेश कोसरे, संतोष कुर्रे, राहुल कोसरे,एवन कुर्रे, सुनील बघेल, रवि बघेल,समीर सभी युवा साथी सदस्य ग्रहण किए।

### सिरपुर में हुई लोकसेवा केंद्र के ऑपरेटरों की समस्याओं पर चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

लोक सेवा केंद्र 2015 से प्रदेश के सभी शासकीय परिसर में तहसील कार्यालय, कलेक्टोरेट, नगर निगम, नगर पालिका में संचालित है। लोकसेवा केंद्र के रायपुर संभाग द्वारा 27 मई को सिरपुर में लोकसेवा केंद्र ऑपरेटरों की विभिन्न समस्या को लेकर चर्चा हुई। रायपुर संभाग के सभी जिलों के जिलाध्यक्षों एवं संभाग के सम्भागाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं सचिव का चुनाव किया गया। इस अवसर पर छग लोकसेवा केंद्र के लोक सेवा केंद्र छग अध्यक्ष गोविन्दलाल बंजारे, उपाध्यक्ष सुनील साहू, मीडिया प्रभारी तपरंजन सामल उपस्थित रहे। रायपुर संभाग के नवनिर्वाचित सम्भागाध्यक्ष नितिन, उपाध्यक्ष रितेश, सचिव दिलीप सोनकरए तथा रायपुर जिलाध्यक्ष डॉ भरतलाल वर्मा, महासमुंद जिलाध्यक्ष सुनील साहू, बलौदाबाजार.भाटापारा जिलाध्यक्ष इंद्रा कुमार, गरियाबंद जिलाध्यक्ष दिलीप सोनकर के रूप में तथा रायपुर संभाग के सभी जिलों के लोक सेवा केंद्र ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# रायगढ़ की धरती पर सम्मानित हुए नवागढ़ क्षेत्र के युवा मनीष वर्मा'

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



काव्य कला एवं साहित्य मंच खरसिया जिला रायगढ़ के तत्वावधान में युवा महोत्सव के अवसर पर कोरोना कॉल के स्थिति को देखते हुए राज्य स्तरीय ने आनलाइन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के युवक ने बड़ चढकर हिस्सा लिया। मनीष वर्मा ने उन भाषण प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया था जिसको सोमवार को रायगढ़ बुलाकर रायगढ़ महापौर आदरणीय जानकी अमृत काटजु एवं वरिष्ठ साहित्यकार अशरिफी लाल सोनी मनमोहन ठाकुर एवं किसान नेता सरदार लल्लु सिंह एवं काव्य कलश परिवार के संस्थापक परषोतम गुप्ता राष्ट्रीय कवियत्री प्रियंका गुप्ता एवं काव्य कलश परिवार के समस्त सदस्यों द्वारा साल पुष्प गुच्छ मोमेंटो एवं सम्मान पत्र के साथ सम्मानित किया गया। मनीष वर्मा इससे पहले भी कई साहित्यिक समाजिक एवं अनेक विभागों जैसे निर्वाचन आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, शिक्षा विभाग, एवं युवा कल्याण विभाग जैसे विभागों से सम्मानित हो चुके है। मनीष वर्मा नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम कटई के निवासी हैं उनके पिता उमाशंकर वर्मा एवं माता मंजू बाई वर्मा है मनीष वर्मा एक युवा साहित्यकार भी है जो लगातार अपने लेखनी के माध्यम से अपने छंदों के माध्यम से लोगों को छत्तीसगढ़ी कविताओं के माध्यम से जगाने का कार्य करते हैं।

# ग्राम चनाट के जंगल में लगी भट्ठी और 76 बोरी महुआ पास का किया नष्टीकरण

ग्राम चनाट में महिला समूह सक्रिय

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।



ग्राम चनाट के महिला समूह द्वारा ग्राम चनाट के जंगल तालाब में अवैध हाथ भट्ठी और महुआ पास होने की सूचना पर तत्काल मौके में जाकर तस्दीक किया गया बताये गए स्थान में भट्ठी,महुआ पास 76 बोरी मिलने पर मौके में महिला समूह की उपस्थिति में नष्टीकरण किया गयाएमौके पर चलित थाना लगा महिला समूह एवं ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी जानकारियों से भी अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला भापुसे,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विकास पाटले एवं प्रशिक्षु थाना प्रभारी बसना निखिल रखेचा भापुसे के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नसीम उद्दीन खान सहायक उपनिरीक्षक श्यामाचरण ध्रुव प्रधान आरक्षक मनोज मानिकपुरी आरक्षक ललित कुमार यादव जैलेंद्र देवांगन भुनेश्वर खूंटे कार्यवाही में शामिल रहे।

### महिला ने की थी आत्महत्या, दोषी युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।**

जिले में सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम सेमलिया में दो साल पहले की मौत पर जांच के बाद पुलिस ने गांव के युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच में पुलिस ने पाया कि आरोपी की बातों से क्षुब्ध होकर तालाब में डूबकर अपनी जान दी। पुलिस के अनुसार सेमलिया निवासी रुद्रमणि राणा 2 फरवरी 2020 में गांव के ही तालाब में डूबकर जान दे दी थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी थी। इस दौरान मृतका का सुसाईडल नोट मिलाए जिसका परिक्षण हस्तलिपि विशेषज्ञ से कराया गया। जांच में पाया गया है मृतका पंचायत चुनाव के बाद आरोपी गांव के नविन बढाई द्वारा अपने पक्ष में वोट नहीं देने की बात बोलकर पंचायत में बैठक कर दण्डित करना है बोलकर प्रताड़ित किया करता था।

# देशी धान बनेगी छत्तीसगढ़ की पहचान, हर जिले में एक देशी बीज उत्पादन केंद्र शुरू होगी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पूरे देश में छत्तीसगढ़ धान का कटोरा के रूप में पहचान रखता है। यहां धान की बहुत सारे किस्में मौजूद हैं। पर वर्तमान समय में अधिकांश कई किस्में विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैं। तब समृद्धि देशी बीज संरक्षण समिति ने किसानों के साथ मिलकर इन्हें सहेजने की योजना बनाई है। इस बीज संरक्षण समिति की कार्य को बीज मित्र की मदद से पूरी की जाएगी। महज 15-20 साल पहले तक जो जवा फूल, बादशहभोग, दुबराज, विष्णु भोग,लुचई, लायचा, गठुवन, श्रीकम्ल, लोकती माझी, रेडराइस, कुबरी ममहानी जैसी देशी धान की किस्में छत्तीसगढ़ राज्य की पहचान थी। परंतु बढ़ते मांग को पूरा करने लिए अधिक पैदावार लेने की आवश्यकता होने लगी जिसके कारण किसानों ने महामाया, स्वर्णा, जैसी किस्मों को उगाने लगी। सरकार भी समर्थन मूल्य पर इन्हें खरीदने की व्यवस्था कर दी। ऐसे हालात में देशी धान की कई किस्में आज विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैं। कुछ तो कई किसानों के घर और गांव से गायब हो गई हैं। यदि कहि कुछ किसान के पास हैं तो वो सीमित क्षेत्र में उगा रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए इस साल समृद्धि देशी बीज संरक्षण समिति नवागढ़ ने इन्हें सहेजने का बीड़ा उठाया हैं तथा हर जिले में एक देशी बीज उत्पादन केंद्र स्थापित किया जाएगा। देशी बीज संरक्षण समिति के संस्थापक अध्यक्ष किशोर राजपूत ने बताया कि समिति के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ राज्य के अलग.अलग जिलो में जाकर वहा के वातावरण में उगने वाले पारंपरिक व गुणवत्ता युक्त किस्मों की पहचान करनी शुरू की हैं। उन किसानों के पास जो देशी धान के बीच हैं। उनको लेकर खेत पर रोपा लगाया जाएगा। फसल जैसे हि तैयार हुई तो उसके बीज सहेजे जाएंगे। तथा समिति देशी धान की पैदावार लेने किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### प्राकृतिक तत्वों से भरपूर और लागत कम

कृषि विशेषज्ञ और किसान देवी प्रसाद वर्मा ने बताया कि देशी धान की खेती और बीज उत्पादन के लिए रासायनिक खाद की जरूरत नहीं पड़ती है इसलिए तो इसमें स्टार्च की मात्रा हाई ब्रीड धान से भी अधिक होती है। इसके अलावा देशी धान की बालियों में छोटा व पतला दाना है लगता हैं जो प्राकृतिक तत्वों से भरपूर होता है। साथ ही साथ धान की खेती करने के लिए बाजार पर निर्भरता नहीं होती है और नई वैरायटी की तुलना में इसका उत्पादन लागत कम आती है।

# कलेक्टर ने की वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं विक्रय की समीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



प्रदेश सरकार की गोधन न्याय योजना आज सबसे लोकप्रिय योजना का रुप ले चुकी है, इससे ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में गौपालकों को आमदनी का अतिरिक्त जरिया मिला है। कलेक्टर ने कल गोधन न्याय योजना के अन्तर्गत खरीदे गये गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण और उठाव के संबंध में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगर पालिका, नगर पंचायत के सीएमओ से जानकारी ली। उन्होंने खाद का सतत् रुप से उठाव जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अनुरुप गौठानों में गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण करायें। समीक्षा बैठक के दौरान कुछ नगर पंचायतों में वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण और उठाव कार्य में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्टर ने कृषि विभाग के उप संचालक को वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन एवं उठाव की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि बेमेतरा जनपद पंचायत के अन्तर्गत कुल 94 गौठान स्वीकृत किए गये हैं जिसमें से 66 गौठान निर्माण पूर्ण कर लिये गये हैं। विकासखण्ड साजा के अन्तर्गत 121 गौठान स्वीकृत है जिसमें 98 पूर्ण है, विख नवागढ़ के अन्तर्गत स्वीकृत गौठान 95 जिसमें 61 पूर्ण है। विख बेरला के अन्तर्गत 90 गौठान स्वीकृत है जिसमें 58 पूर्ण हैं। जिले के चयनित गौठानों में आजीविका मूलक गतिविधियों तथा स्व.सहायता समूह द्वार किये जा रहे मछली पालन, मूर्गी पालन, अण्डा उत्पादन, मशरुम उत्पादन, दोना पत्तल निर्माण आदि की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गौठान को आजीविका के ठौर के रुप में विसित करें। आने वाली बारिश सीजन के दौरान बाड़ी विकास के अन्तर्गत साग सब्जी का उत्पादन कर महिला समूह की आय में वृद्धि करें। उद्यानिकी विभाग द्वारा बाड़ी विकास के अन्तर्गत सब्जी बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# सेवानिवृत्ति पर मार्कफेड के सहायक प्रबंधक के आर नायक को दी गई भावपूर्ण विदाई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



मंगलवार देर शाम स्थानीय जिला विपणन संघ कार्यालय परिसर श्रीराम चरित मानस की चौपाईयां और काव्य की पंक्तियों से गुंजायमान था। मौका था सहायक प्रबंधक केआर नायक के सेवानिवृत्ति पर विदाई का। नायक फेडरेशन में 41 साल सेवा देने के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन रखा गया था। वे अपने सेवा के दौरान के खट्टे मीठे अनुभवों को श्रीराम चरित मानस की चौपाईयां और काव्य की पंक्तियों से अभिव्यक्त कर रहे थे। यह कार्यक्रम लीक से हटकर हुआ। नायक को विदाई देने उनके साथ पूर्व में काम किए दूर.दराज के कर्मचारी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। जिला विपणन अधिकारी राहुल अंड्रसकर एवं तत्कालीन जिला विपणन अधिकारी जयदेव सोनी, फेडरेशन कर्मचारी संघ अध्यक्ष किशोर चंद्रा, उपाध्यक्ष कान्हा सिंह ठाकुर आदि अधिकारी-कर्मचारियों ने नायक के कार्यों एवं व्यवहार की सराहना करते हुए उनके सुदीर्घ जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना कीं। अधिकारी-कर्मचारियों ने शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर नायक ने कर्मचारी संघ को 5100 रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन किशोर चंद्रा ने किया। नायक ने शासकीय सेवा के दौरान मिले प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए और विदाई समारोह में उपस्थित समस्तजनों के प्रति आभार प्रकट किया। तत्कालीन जिला विपणन अधिकारी जयदेव सोनी का मुख्यालय स्थानांतरण होने पर उन्हें भी विदाई दी गई। उन्होंने कहा कि वे और नायक 41 साल की सेवा अवधि के दौरान साथ.साथ ही रहे और आज दोनों की एक साथ विदाई भी हो रही है। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए फेडरेशन कर्मचारी संघ अध्यक्ष किशोर चंद्रा ने कहा कि मनुष्य के जीवन में ;जन्म से मृत्यु तक 16 संस्कार होते हैं पर शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों में एक और संस्कार होता है। वह है विदाई। नायक की विदाई का पिता पुनीराम नायक, उनकी धर्मपत्नी श्वेता नायक, सुपुत्र द्वय सहायक प्राध्यापक डॉ. योगेश नायक, अभिषेक नायक के अलावा उनकी 6 साल की पोती शिवन्या भी साक्षी बनीं। नायक ने कार्यक्रम पश्चात उपस्थित समस्तजनों को पुस्तक स्तोत्ररत्नावली भेंट कीं।

इस अवसर पर सहायक लेखा अधिकारी युनिशा अजय, फड़ प्रभारी हितेश शर्मा, लेखापाल आकाश जांगड़े, जौंदा से इरदेश साहू, बलराम वर्मा, रेवाराम साहू, किशोर निर्मलकर, कुरूद भाठा से नोखे साहू, बकतरा लखौली से कुंजलाल चंद्राकर, हर्ष चंद्राकर, धान संग्रहण केंद्र महासमुंद से कान्हा ठाकुल, जहीब खान, राजेंद्र चंद्राकर, चोवाराम साहू, गणेशराम साहू, जिला कार्यालय से जितेंद्र राव, लक्की छाबड़ा, गोपी, ईश्वरी कन्नौजे, युगल किशोरी पांडेय आदि समस्त अधिकारीकर्मचारी उपस्थित थे।

## 47 साल की उम्र में भी दिलो की धड़कने बढ़ा देती है रवीना टंडन



90 के दशक की पॉपुलर एक्ट्रेस रवीना टंडन न सिर्फ बेहद खूबसूरत हैं बल्कि फिट भी हैं। 47 साल की रवीना कई नई अभिनेत्रियों पर भारी हैं। रवीना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। देखिए 'मस्त-मस्त गर्ल' के नाम से मशहूर एक्ट्रेस की दिलकश अदाएं।

रवीना टंडन ने 90 के दशक में अपनी शानदार अदाकारी से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। 'पत्थर के फूल', 'लाडला', 'मोहरा' जैसी फिल्मों में काम कर उन्होंने दर्शकों को अपना दीवाना बनाया। गॉर्जियस रवीना के लिए यह कहा जा सकता है कि 'उम्र तो बस एक नंबर है'।

बॉलीवुड में 'मस्त-मस्त गर्ल' के नाम से मशहूर रवीना टंडन 47 साल की उम्र में भी बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश दिखती हैं।

रवीना टंडन का लेटेस्ट लुक देखकर फैंस दंग रह गए हैं। सफेद रंग की झिलमिलाती पोशाक में अभिनेत्री का मनमोहक अभिनय दिल दहला देने वाला है।

इस ड्रेस में रवीना टंडन बेहद आकर्षक लग रही हैं। खूबसूरत एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही हैं। रवीना ने बोल्ड मेकअप के साथ अपने बालों को खुला रखा है। शिमरी फुल स्लीव्स ब्लाउज़ और शिमरी पैंट के साथ काफ्तान स्टाइल टॉप रवीना टंडन की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। वहीं, येलो कलर की इस ड्रेस में देखिए ओवरऑल येलो आउटफिट में रवीना का लुक कमाल का है. कानों में हाई पोनीटेल और हूप्स पूरे लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। रवीना टंडन हर तरह की ड्रेस में खूबसूरत लगती हैं। फ्लोरल प्रिंट की इस साड़ी में देखिए एक्ट्रेस कितनी ग्रेसफुल लग रही हैं। हाई हील्स सैंडल के साथ ग्रीन मिडी ड्रेस में रवीना टंडन कमाल की लग रही हैं। रवीना टंडन कई रियलिटी शो में नजर आ चुकी हैं।

## हर किसी को अपनी इच्छानुसार जीवन जीने का अधिकार : काजल पिसल




होमोफोबिया, ट्रांसफोबिया और बाइफोबिया को लेकर सिर्फ तुम की अभिनेत्री काजल पिसल ने खुलकर अपने विचार पेश किए। उन्होंने कहा कि हर किसी को सुंदर जीवन जीने का अधिकार है।

काजल पिसल कहती हैं, एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय लंबे समय से अपने अधिकारों के लिए लड़ रहा है, कि उनको समाज में समावेश किया जाए। ये लड़ाई उनकी नई नहीं है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनको समाज में बिना भेदभाव के समावेशित करें। मुझे लगता है कि हर किसी के जीवन में संघर्ष होता है। सभी को अपना जीवन अपनी इच्छानुसार जीने का अधिकार है।

काजल पिसल ने बड़े अच्छे लगते हैं, साथ निभाना साथिया और नागिन 5 जैसे शो में काम कर दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई।

अभिनेत्री आगे कहती हैं, समाज के एक सदस्य के रूप में यह हमारा कर्तव्य है कि हम लिंग के आधार पर भेदभाव न करें। लड़का, लड़की और थर्ड जेंडर सभी समान होते है। मैं अपील करती हूं कि अगर आपके परिवार में भी कोई ऐसा सदस्य है, तो उनसे बात करने की कोशिश करें। उनका समर्थन करें।

## जुग जुग जीयो में डांस नंबर करेंगी एल्नाज नोरौजी

वरूण धवन और कियारा आडवाणी की फिल्म जुगजग जीयो में अभिनेत्री एल्नाज नोरौजी डांस नंबर करती नजर आएंगी।



आइटम सॉन्ग को लेकर एल्नाज नोरौजी ने कहा, यह गाना फिल्म का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। अनिल सर और वरुण दोनों ही बेहद ऊर्जावान हैं। शूट बहुत मजेदार था और गाना बहुत ही शानदार है। मुझे धर्म प्रोडक्शन का हिस्सा बनने पर गर्व है।

हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर में आइटम सॉन्ग की झलक दिखाई गई है। जिसमें एलनाज अनिल कपूर और वरुण धवन के साथ डांस करती दिख रही हैं।

करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित जुग जुग जीयो में कियारा आडवाणी, नीतू कपूर, मनीष पॉल और प्राजक्ता कोली भी हैं।

राज मेहता द्वारा निर्देशित यह फिल्म 24 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अंडरआर्म्स का कालापन दूर करने के लिए इन तरीकों से इस्तेमाल करें बेकिंग सोडा



अंडरआर्म्स पर कालापन हो तो स्लीव लेस कपड़े पहनने की आजादी खत्म हो जाती है। हालांकि, अगर आप चाहें तो बेकिंग सोडा की मदद से अपनी अंडरआर्म्स के कालेपन को जल्दी दूर कर सकती हैं क्योंकि यह एक क्षारीय पदार्थ है, जो त्वचा के पीएच स्तर को प्रभावित किए बिना एक्सफोलिएट के रूप में कार्य करके त्वचा की रंगत को सुधार सकता है। आइए आज अंडरआर्म्स पर इसका इस्तेमाल करने के तरीके जानते हैं। बेकिंग सोडा और पानी के घोल के इस्तेमाल से अंडरआर्म्स का कालापन दूर करने में काफी मदद मिलती है। इसके लिए एक कटोरी में दो बड़ी चम्मच बेकिंग सोडा के साथ एक बड़ी चम्मच सादा पानी मिलाएं, फिर इस पेस्ट को एक मुलायम ब्रश से अपनी दोनों अंडरआर्म्स पर लगाकर 20-25 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से अंडरआर्म्स को साफ करें। इस प्रक्रिया को हफ्ते में दो से तीन बार दोहराना फायदेमंद हो सकता है।

बेकिंग सोडा, बेसन और दही का मिश्रण बनाएं

यह मिश्रण भी आपकी अंडरआर्म्स को साफ और चमकदार बना सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक बड़ी चम्मच बेकिंग सोडा, एक छोटी चम्मच बेसन और एक बड़ी चम्मच दही को मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपनी दोनों अंडरआर्म्स पर लगाते हुए हल्के हाथों से मलें, फिर 15 मिनट के बाद अंडरआर्म्स को गुनगुने पानी से साफ कर लें।

## गर्मियों में जरूर पिएं नारियल पानी, मिलेंगे जबरदस्त फायदे



चिलचिलाती धूप और लू में बॉडी का ठंडा रहना जरूरी है, इस मौसम में कई रसीले फल और जूस मिलता जो बॉडी के लिए फायदेमंद होते हैं. एक फल है है नारियल, जिसका पानी गर्मीयों में बहुत राहत देता है. यह पानी हरे व कच्चे नारियल के अंदर पाया जाता है. नारियल पानी काफी पोष्टिक होता है. इसमें कैलशियम, मैग्नीशियम, फौस्फोरस, सोडियम अच्छी मात्रा में होता है. बता दें कि इस फल में 94 प्रतिशत पानी पाया जाता है और बहुत कम मात्रा में फैट होता है. ज्यादातर ये समुद्री तट में मिलता है. आज हम बात करेंगे नारियल पानी के फायदो के बारे में.

### एनर्जी बूस्ट होगी

बढ़ती गर्मी के कारण बॉडी में एनर्जी का लेवल कम हो जाता है ऐसे में नारियल पानी एनर्जी को बूस्ट करने में फायदेमंद साबित होता है. साथ ही ये इम्यूनिटी को भी बढ़ाता है.

इंसुलिन का भी करता है काम

साथ ही बॉडी में शुगर को भी कंट्रोल में रखता है, डायबिटीज की समस्या इंसुलिन के कमी की वजह से होती है जिसमें नारियल पानी इंसुलिन की मात्रा को बॉडी में बढ़ाता है.

किडनी के लिए भी फायदेमंद

किडनी जैसे रोग के लिए काफी लाभकारी है, इसके सेवन से पथरी के क्रिसटल को कम करने का काम करती हैं और यूरीन के जरीए किडनी से पथरी को निकाल देता है.

त्वचा को निखारने में उपयोगी

त्वचा को हाइड्रेटड रखना काफी जरूरी है, ऐसे में नारियल का पानी बहुत असरदार होता है, यह पानी पीने और साथ ही चहरे को पानी से धोने से फेस पर होने वाले किल, मुहासे से छुटकारा मिलता है.

# खेल

टीम इंडिया के निशाने पर वर्ल्ड रिकॉर्ड

## लगातार 13 टी-20 जीतने वाली पहली टीम बनने का मौका, आईपीएल के स्टार्स पर रहेगी नजर

*दो महीने तक चले IPL के बाद एक बार फिर से इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी हो रही है, जहां एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड टीम इंडिया का इंतजार कर रहा है। 9 जून से भारत-साउथ अफ्रीका के बीच 5 मैचों की घरेलू टी-20 सीरीज शुरू होनी है।*




पहला मुकाबला दिल्ली में खेला जाएगा। इस मैच को जीतकर टीम इंडिया की नजरें लगातार सबसे ज्यादा टी-20 मैच जीतने के वर्ल्ड रिकॉर्ड पर होंगी। भारत अभी तक लगातार 12 टी-20 मैच जीत चुका है और फिलहाल अफगानिस्तान और रोमानिया के बराबर खड़ा है। अगर टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहला टी-20 मुकाबला अपने नाम कर लेती है तो वह लगातार 13 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले जीतने वाली विश्व की पहली टीम बन जाएगी।

इससे पहले टीम इंडिया ने टी-20 विश्वकप के आखिरी तीन मुकाबले जीतने के बाद न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ तीन-तीन मैचों की सीरीज बिना कोई मुकाबला हारे जीती थीं।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए नई टीम इंडिया का चयन किया गया है। इस सीरीज में विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

IPL में अपने जलवे बिखरने वाले उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह जैसे खिलाड़ियों को पहली बार टीम में मौका दिया गया है। दिनेश कार्तिक और हार्दिक पंड्या जैसे सीनियर खिलाड़ी भी IPL में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में वापस लौट रहे हैं। दिनेश कार्तिक 3 साल बाद भारत के लिए कोई टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलते नजर आ सकते हैं।

पिछले कुछ समय से पीठ की चोट के चलते टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए संघर्ष कर रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अब टीम में वापस लौट आए हैं।

## रास्ता बिल्कुल सही था लेकिन राशिद को मंज़िल मिलने में थोड़ी देर हो गई

अहमदाबाद । टी20 क्रिकेट में राशिद ख़ान के पास किसी भी बड़ी प्रतियोगिता की ट्रॉफ़ी का न होना एक एक असमान्य घटना की तरह थी। राशिद इस ख़लिश को ख़त्म करने के लिए कई सालों से प्रयासरत भी थे।

हालांकि रविवार को आईपीएल 2022 की ट्रॉफ़ी जीत कर उन्होंने इस कमी को पूरा कर लिया। राशिद कई सालों से टी20 क्रिकेट में हैं और विश्व के ज़्यादातर टी20 लीग में उनका प्रदर्शन हमेशा ही बढ़िया रहा है। ऐसा नहीं है कि बड़ी टीमें उन्हें अपने साथ नहीं रखना चाहतीं थी या फिर वह किसी मज़बूत टीम का हिस्सा नहीं थे। कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि बड़े मुक़ाबलों में या फ़ाइनल मैचों में उन्होंने अपने घुटने टेक दिए हों। बस वह इस उपलब्धि को हासिल करने में चूक जा रहे थे। आईपीएल 2022 का फ़ाइनल जीतने के बाद स्टारस्पोर्ट्स से राशिद ने कहा, आपको हर एक परिस्थिति से जूझने के लिए तैयार रहना पड़ता है। अगर आप ऐसा करते हैं तो बड़ी प्रतियोगिताओं को जीतने में सफल होते हैं। इस तरह के बड़े स्टेज पर जीत दर्ज करने के लिए बहुत मेहनत, बहुत अभ्यास और सकारात्मक ऊर्जा की आवश्यकता पड़ती है। इसके अलावा मुझे लगता है कि एक टीम के रूप में हमने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

### एक नजर

## भारत के सामने कोरिया, फाइनल का टिकट काटने के लिए चाहिए जीत




**नई दिल्ली** । हॉकी एशिया कप 2022 के लीग फेज में पाकिस्तान के खिलाफ ड्रॉ मुकाबला और फिर जापान के हाथों 2-5 से मात झेलने वाली भारत की टीम ने इंडोनेशिया को 16-0 से हराकर पूल ए में दूसरा स्थान हासिल किया था। ज्यादा गोल करने का फायदा टीम को मिला और टीम ने सुपर 4 में जगह बनाई। यहां टीम ने अपने दो मुकाबले खेल लिए हैं, जिनमें से एक मैच में जापान के खिलाफ टीम को 2-1 से जीत मिली, लेकिन मलेशिया के खिलाफ मुकाबला 3-3 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अब फाइनल में पहुंचने के लिए भारत की हॉकी टीम को साउथ कोरिया से भिड़ना है।

भारत बनाम साउथ कोरिया हॉकी एशिया कप 2022 का सुपर 4 का सेकेंड लास्ट मैच मंगलवार 31 मार्च को खेला जाना है। ये मैच भारतीय टीम के लिए अहम है। अगर टीम ये मुकाबला जीत जाती है तो फिर फाइनल में प्रवेश कर जाएगी, जबकि हारने पर तीसरे स्थान के लिए लड़ना पड़ सकता है। जापान की टीम फाइनल की रेस से बाहर हो गई है, क्योंकि टीम पहले दोनों मैच हार गई है। दोनों मैचों में जापान ने सिर्फ एक-एक गोल किया। हालांकि, भारत, मलेशिया और साउथ कोरिया के पास फाइनल में पहुंचने का मौका है।

## डेनिल मेदवेदेव और स्टेफानोस सितसिपास हुए उलटफेर का शिकार, फ्रेंच ओपन 2022 से होना पड़ा बाहर



**नई दिल्ली** । दुनिया के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव और गत उपविजेता स्टेफानोस सितसिपास फ्रेंच ओपन 2022 में उलटफेर का शिकार हो गए। इसी वजह से उन्हें फ्रेंच ओपन के अंतिम-16 के मुकाबले में हारकर टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। क्रोएशिया के मारिन सिलिक ने मेदवेदेव को हराया, जबकि डेनमार्क के 19 साल के होल्गर रुने ने सितसिपास को हराकर पहली बार ग्रैंडस्लैम के चार्टर फाइनल में जगह बनाई। यूएस ओपन चैंपियन डेनिल मेदवेदेव को कोर्ट फिलिप चैटियर पर 20वीं वरीयता प्राप्त मारिन सिलिक ने केवल 1 घंटे 45 मिनट में 6-2, 6-3, 6-2 से हरा दिया। वहीं, विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज होल्गर रुने ने मेंस सिंगल्स में चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास को 7-5, 3-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त दी और उन्हें टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

स्पीड स्टार मलिक पर बावुमा का बड़ा बयान

## बोले- उमरान जितनी स्पीड को खेलना हमारी रोज की आदत



**IPl** में अपनी स्पीड से सनसनी मचाने वाले उमरान मलिक को लेकर साउथ अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा ने बड़ा बयान दिया है। भारत के लिए रवानगी से पहले तेंबा बावुमा ने कहा है कि उमरान मलिक जिनती स्पीड से बॉल फेंकते हैं उतनी गति की बॉल खेलना हमारे बल्लेबाजों की रोज की आदत है।

32 साल के इस साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज ने कहा- हमें उनकी ज्यादा फिक्र नहीं है। हमारी टीम तेज गति का सामना करने का अनुभव रखती है। हम तेज गेंदबाजों को खेलकर ही बड़े हुए हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई भी बल्लेबाज 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद का सामना करना पसंद नहीं करता है। आप जितनी तैयारी कर सकते हैं, करें... हमारे पास ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं। हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं।

इस सीरीज में टीम इंडिया उमरान मलिक और लेफ्ट हैंड पेसर अर्शदीप को ट्रंप की तरह इस्तेमाल कर मेहमान बल्लेबाजों के मन डर पैदा करना चाहेंगे।

## आईपीएल 2022 के मैदान तैयार करने वालों को ईनाम देगी बीसीसीआई



**अहमदाबाद** । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने आईपीएल 2022 में अच्छी पिच तैयार करने के लिए छह मैदानों के कर्मचारियों को ईनाम देने की घोषणा की।

शाह ने ट्वीट किया, मुझे उन लोगों के लिए 1.25 करोड़ रूपये की पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जिन्होंने हमें टाटा आईपीएल 2022 में सर्वश्रेष्ठ खेल दिए। हमारे अकीर्तित नायक, इस सीज़न में इस्तेमाल हुए छह मैदानों के क्यूरेटर और ग्राउंड्समैन।

शाह ने बताया कि ब्रेबोर्न , वानखेड़े, डीवाई पाटिल, और एमसीए स्टेडियम को 25-25 लाख रुपए दिए जाएंगे जबकि ईडन गार्डन और नरेंद्र मोदी स्टेडियम प्रत्येक के कर्मचारियों के लिए 12.5 लाख रुपए जारी किए जाएंगे। उन्होंने ट्वीट किया, हमने कुछ आला दर्जे के मुकाबले देखे हैं और मैं प्रत्येक मैदान कर्मी को उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। सीसीआई (ब्राबोर्न), वानखेड़े, डीवाई पाटिल और एमसीए, पुणे, प्रत्येक के लिए 25 लाख रुपये तथा ईडन गार्डन और नरेंद्र मोदी स्टेडियम प्रत्येक के लिए 12.5 लाख रुपये जारी किये जाएंगे।

# जांजगीर में हादसा...सड़क पर बिखरा किसान का शव

## तीन हाइवा एक के बाद एक बुजुर्ग को रौंदते हुए भागे, खुरच कर निकालना पड़ा शव

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में बुधवार को मॉर्निंग वॉक पर निकले एक बुजुर्ग किसान को हाइवा ने टक्कर मार दी। किसान सड़क पर गिरा तो हाइवा उसे कुचलती हुई निकल गई।




इस दौरान उसके पीछे आ रही दो अन्य हाइवा भी शव को कुचलते हुए भाग निकलीं। इसके चलते किसान का शव पूरी सड़क पर क्षत-विक्षत होकर बिखर गया। हादसा जांजगीर थाना क्षेत्र में हुआ है। बनारी गांव निवासी किसान सैतराम सारथी (65) रोज की तरह बुधवार को भी मॉर्निंग वॉक पर निकला था। वह घर से कुछ दूर नेशनल हाईवे-49 पर पुटपुरा चौक के पास पहुंचा था कि बिलासपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने टक्कर मार दी। चेतराम सड़क पर गिरा तो हाइवा उसे कुचलते हुए निकल गई। तभी पीछे से आ रही दो अन्य हाइवा ने भी कुचल दिया।

### शव के टुकड़े-टुकड़े होकर बिखरे

तीन हाइवा के एक के बाद एक कुचलने से सैतराम का शव टुकड़े-टुकड़े होकर सड़क पर बिखर गया। आसपास के लोगों ने देखा तो डायल-112 को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस पहुंची और शव को मशक्कत के बाद एकत्र किया। कई जगह पर शव सड़क से चिपक गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

## एक नजर

### पेंशन निवारण शिविर का आयोजन 06 और 07 जून को

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन बिलासपुर द्वारा जिले के अंतर्गत विभिन्न विभागों के लंबित आपत्तिशुदा पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 06 और 07 जून को जिला कोषालय कार्यालय में पेंशन निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियो को संबंधित कर्मचारियों के साथ उपस्थित होकर लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

### टाटा- इतवारी एक्सप्रेस मंगलवार को राबर्टसन स्टेशन के पास पटरी से उतरी

बिलासपुर टाटा- इतवारी एक्सप्रेस मंगलवार को राबर्टसन स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। इस घटना में किसी तरह हताहत नहीं हुई है, लेकिन घटना के बाद अप व डाउन लाइन बंद होने से ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया। घटना के बाद रात में रायगढ़ व बिलासपुर से राहत ट्रेन रवाना की गई। सुबह तक उतरे पहिए को वापस पटरी पर लाने के लिए जद्दोजहद जारी रही।



### बिलासपुर के युवक प्रभात व उनके साथियों द्वारा पामगढ़ क्षेत्र में फल और नास्ता वितरण



**पामगढ़ ।** बिलासपुर परिक्षेत्र के युवा कार्यकर्ता प्रभात अपने क्षेत्र मे लगातार ज़रुरत मंद की मदद करते हैं और अब पामगढ़ परिक्षेत्र मे भी सेवा देने तैयार हो गये है युवा प्रभात आज पामगढ़ दौरे पर रहे जिन्होंने पामगढ़ क्षेत्र में सेवा कार्य को करने को लेकर चर्चा भी किया और जोरो से कार्य करने का अपनो दोस्तों को कहा ताकि हर जरूरत मंद तक पहुंच पाये प्रभात ने पामगढ़ क्षेत्र के मेहंदी गांव में ज़रुरत को बिस्किट केला,नास्ता और इलेक्टारल का वितरण किया गया प्रभात के साथ मुख्य रूप से विशाल गोस्वामी, दीपेन्द्र मिश्रा, रोहित वस्त्रकार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को ध्यान रखते हुए कलेक्टर-एसपी ने की बुनियादी तैयारियों पर चर्चा

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य व्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत जिले में प्रस्तावित दौरे को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने बुनियादी तैयारियों पर चर्चा की। कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में आयोजित बैठक मे मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर उनकी सुरक्षा और बुनियादी तैयारियों के तहत पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था, हेली पैड, सभा स्थल एवं चौपाल के लिए आवश्यक व्यवस्था, आपात चिकित्सा व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह एवं आनंदरूप तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री पुष्पेंद्र शर्मा एवं श्री देव सिंह उईके, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर, जनपद सीईओ श्रीमती इंदिरा मिश्रा, श्री यशपाल सिंह एवं डॉ राहुल गौतम सहित सभी थाना प्रभारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।



# जनदर्शन में पहुंचे दूर दराज के ग्रामीण मिले कुल 26 आवेदन



**कोण्डागांव।** जिला कार्यालय के सभागार में आज आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने विभिन्न विकासखण्डों से आये ग्रामीणों की मांगों और शिकायतों को सुना। प्राप्त आवेदनों में भूमि अतिक्रमण, लैम्प्स, नजूल भूमि पट्टा, वन अधिकार पट्टा जैसे आवेदन प्रमुख थे और कुल आवेदनों की संख्या 26 रही।

जनदर्शन में आज ग्राम गारका के ग्रामीणों ने उप सरपंच के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत कलेक्टर के समक्ष किया। इस पर कलेक्टर ने तुरंत कार्यवाही करते हुए कब्जा हटाने

**शासकीय भूमि में अवैध अतिक्रमण पर कलेक्टर का कड़ा रूख तुरंत हटाने के दिये निर्देश**

के निर्देश नायब तहसीलदार को दिये। इस क्रम में ग्राम सोनाबाल के सरपंच ने आवेदन दिया कि सहकारी समिति मर्यादित सोनाबाल लैम्प्स में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है इससे क्षेत्र के समस्त किसान परेशान हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि समय पर खाद उपलब्ध न होने पर किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ेगा।

# कोंडागांव पुलिस के सेवानिवृत्त अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी गई विदाई

## विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त अधिकारियों को भेट की गई स्मृति चिन्ह

**कोंडागांव।** कोंडागांव पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल (भा.पु.से.) के आदेश से एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एसपी कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित कर जिले से सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारी उपनिरीक्षक श्री आत्माराम राठौर एवं सहायक उपनिरीक्षक श्री लीनुस कुजूर को 62 वर्ष की आयु पूरी होने पर स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी गई।

उप निरीक्षक श्री आत्माराम राठौर का जन्म 1960 मे हुआ जो वर्ष 1983 मे पुलिस विभाग में जिला जगदलपुर मे आरक्षक के पद पर भर्ती हुए। जो वर्ष 1992 में प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए, वर्ष 2007 में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए एवं वर्ष 2017 मे उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत



मिली। जो आज दिनांक तक कोंडागांव जिले में उप निरीक्षक के पद पर पुलिस विभाग की सेवा कर सेवानिवृत्त हुए।

39 वर्ष की सेवा के दौरान उप निरीक्षक श्री आत्माराम राठौर जगदलपुर संभाग के विभिन्न थानो पखांजूर, कोरर, यातायात, कोड़ेनार, दरभा, नारायणपुर, करपावंड, घोटिया, बड़े डोंगर मे पदस्थ रहे। सहायक उपनिरीक्षक श्री लीनुस कुजुर का जन्म 1960 में हुआ, जो वर्ष 1980 में जिला जगदलपुर में पुलिस आरक्षक के पद पर भर्ती हुए। जो 2005 में प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए एवं वर्ष 2017 में इन्हें सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली, जो आज दिनांक तक कोंडागांव जिले में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पुलिस विभाग की सेवा कर सेवानिवृत्त हुए। 42 वर्ष की सेवा के दौरान सहायक उप निरीक्षक श्री लीनुस कुजूर जगदलपुर संभाग के विभिन्न थानों बासागुड़ा, कुआकोंडा, बारसूर, बेनूर, नगरनार, करपावंड, कोंडागांव एवं केशकाल मे पदस्थ रहे। विदाई



समारोह के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त उक्त पुलिस अधिकारियों के सेवाकाल को स्मरण करते हुए उनके अनुभव साझा किया गया। .

# छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा विभाग सुदृढ़ीकरण के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा विभाग के सुदृढ़ीकरण हेतु छत्तीसगढ़ पब्लिक फायनेंस मैनेजमेंट एण्ड एकान्टेबिलिटी प्रोग्राम के तहत मेसर्स एस. के. पटौदिया एण्ड एसोसिएट्स के द्वारा संयुक्त संचालक कार्यालय छ.ग. राज्य संपरीक्षा जगदलपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 मई से मई तक शासकीय गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय कुम्हरावंड जगदलपुर के सभागार में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा विभाग के संचालक श्री अनुराग पाण्डेय के कुशल




संचालन एवं वित्त विभाग छ.ग. शासन के मार्गदर्शन के अनुक्रम में प्रदेश में दो नवीन क्षेत्रीय कार्यालयों दुर्ग और रायपुर-प्प् की स्थापना के साथ ही प्रदेश के चार उपसंचालक कार्यालयों का संयुक्त संचालक कार्यालयों में उन्नयन किया गया है। इस हेतु शासन द्वारा जहां विभाग हेतु 50 नवीन पद सृजित किए गए वहीं लंबित अंकेक्षण के सम्पादन हेतु अंकेक्षण के नये-नये प्रारूपों यथा-जोखिम आधारित संपरीक्षा, औचक संपरीक्षा, निष्पादन संपरीक्षा आदि का विभागीय नियम एवं विनिमय में समावेश किया जाकर विभागीय नियम, विनिमय में अभूतपूर्व संशोधन किया गया है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सशोधित नियमावली के क्रियान्यवन विशेषकर जोखिम आधारित अंकेक्षण द्विप्रविष्टि लेखांकन प्रणाली, उच्चस्तरीय गुणवत्तायुक्त, विभागीय उपादेयता में संवृद्धि के उद्देश्य पर केंद्रित प्रशिक्षण में छ.ग. राज्य संपरीक्षा कार्यालय जगदलपुर में पदस्थ संयुक्त संचालक श्री एस. एस. ताण्डेय एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी द्वय सहायक संचालक श्री आर.सी. ध्रुव, श्री असीम चंद्राकर सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कला जत्था के माध्यम से शासकीय योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**जगदलपुर।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी कला जत्था के माध्यम से जिले में दिया जा रहा हैं। कला जत्था द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में किए जा रहे कार्यक्रम का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। कलेक्टर श्री रजत बंसल के मार्गदर्शन में जनसंपर्क विभाग के द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के चिन्हांकित किए गांवों और साप्ताहिक हाट-बाजार में कला जत्था की टीम शासकीय योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार सामाग्री का वितरण भी किया जा रहा है।



जिले में लोक नाट्य दल विलेज डेव्हलपमेंट सोसायटी जगदलपुर, सोशियल वेलफेयर सोसायटी जगदलपुर और रिंगी चिंगी डण्डा लोकनृत्य बस्तर द्वारा विभिन्न गांवों में प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। इसी क्रम में जिले के धुरागांव, उसरीबेड़ा, अलनार, भानपुरी, जामगांव, बड़ेकिलेपाल में कला जत्था द्वारा मनोरंजक ढंग से कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसका ग्रामीणों ने लुफ्त उठाया।

# मुख्यमंत्री ने फिल्म ‘भूलन द मेज‘ को किया टैक्स-फ्री

## कहा बहुत दिनों बाद शानदार फिल्म देखने को मिली

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बनी नेशनल फिल्म अवार्ड प्राप्त फिल्म ‘भूलन द मेज‘ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने देखी। इस मौके पर उन्होंने फिल्म पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बहुत दिनों बाद इतनी शानदार फिल्म देखने को मिली है।



यह छत्तीसगढ़ के ग्राम्य जीवन पर आधारित है। इसमें छत्तीसगढ़ के लोगों की सरलता सहजता दिखाई गई है। एक दूसरे को सहयोग करने की जो भावना फिल्म में दिखाई गई है वो छत्तीसगढ़ के लोगों की मूल भावना है। फिल्म का निर्देशन बहुत अच्छा है। फिल्मांकन भी बहुत अच्छा है। मैं सभी कलाकारों के अभिनय की प्रशंसा करता हूँ और इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा करता हूँ। मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया के साथियों के साथ यह फिल्म देखी।

मुख्यमंत्री इस मौके पर फिल्म के निर्देशक श्री मनोज वर्मा से और लेखक श्री संजीव बख्शी से भी मिले। उन्होंने कहा कि भूलन कांदा के माध्यम से छत्तीसगढ़िया लोगों के मूल स्वभाव का सिनेमा में जिस तरह दिखाया गया है, वो काबिलेतारीफ है। छत्तीसगढ़ की सुंदर संस्कृति का जो फिल्मांकन हुआ है वो बहुत अच्छा हुआ है। लोक गीतों को जो जगह दी गई है और छत्तीसगढ़ के गांवों को जिस तरह सिनेमा में उकेरा गया है उससे पता चलता है कि हमारे गांव कितने सुंदर हैं। उनमें एक-दूसरे के प्रति सहयोग की कितनी भावना है। किस तरह से सामूहिक रूप से गांव में निर्णय होता है और लोग एक दूसरे के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहते हैं। उल्लेखनीय है कि भूलन द मेज फिल्म छत्तीसगढ़ की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधारित है और संजीव बख्शी के उपन्यास भूलन कांदा पर बनी है। इसे 67वें नेशनल फिल्म अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

# हज यात्रियों ने सीखे अराकान-ए-हज

## हज यात्रियों की रवानगी 18 जून से 03 जुलाई तक

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा रायपुर संभाग एवं धमतरी व कांकेर जिलों से जाने वाले हज यात्रियों के एक दिवसीय हज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 29 मई को रायपुर में किया गया।




हज प्रशिक्षण शिविर में हज यात्रियों को यात्रा के समस्त अराकानों के साथ-साथ समस्त प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां और हज के दौरान बरतने वाली विशेष सावधानियां, सउदी सरकार के नियम कानून कायदों की जानकारी आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम के अतिथि खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन और अध्यक्ष खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम श्री रामगोपाल अग्रवाल ने प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों को यात्रा की मुबारकबाद दी और हज के दौरान अहम स्थानों पर प्रदेश की खुशहाली व तरक्की की दुआ करने की अपील की। उन्होंने हज यात्रियों को हज प्रशिक्षण किट का भी वितरण किया। इस अवसर पर राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम खान ने भी सभी हज यात्रियों को यात्रा की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि हज यात्रा 2022 के लिए प्रदेश के सभी आवेदकों को यात्रा का अवसर प्रदान करने की व्यवस्था कराये जाने हेतु मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का मुस्लिम समाज की ओर से आभार व्यक्त किया।

राज्य हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी एवं सचिव श्री साजिद मेमन ने बताया कि, हज कमेटी मुम्बई से प्राप्त फ्लाईट शेड्यूल अनुसार, मुम्बई ईम्बारकेशन प्वाइंट से प्रदेश के हज यात्रियों की रवानगी 18 जून से 03 जुलाई तक और वापसी 24 जुलाई से 13 अगस्त 2022 तक होगी। प्रदेश के हाजी मुम्बई से जदद्दा के लिए रवाना होंगे और उनकी वापसी मदीने से मुम्बई के लिए होगी। केन्द्रीय हज कमेटी द्वारा अभी फ्लाईट का अलॉटमेंट नहीं किया गया है। सूचना प्राप्त होने पर यथाशीघ्र सूचित किया जावेगा।

शिविर में रायपुर जिले के 69, बलौदा बाजार के 06, गरियाबंद के 06, महासमुन्द के 07, धमतरी से 21 कांकेर से 04 एवं प्राईवेट टूर्स आपरेटर्स एवं अन्य जिलों से जाने वाले हज यात्रियों ने उपस्थित होकर यात्रा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। हज यात्रा का प्रशिक्षण सदस्य राज्य हज कमेटी के हाफिज व कारी मौलाना सै. अशफाक अहमद अंजुम, राज्य हज कमेटी के मास्टर ट्रेनर मौलाना कारी सुल्तान अहमद, मौलाना रिफअत अली, हाजी अब्दुल रज्जाक, द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री महेन्द्र छाबड़ा, उपाध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण श्री शिव सिंह ठाकुर, अध्यक्ष भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल श्री सुशील सन्नी अग्रवाल, सदस्य राज्य गृह निर्माण मंडल श्री अजय साहू, सदस्य राज्य वक्फ बोर्ड श्री फैसल रिज़्वी, श्री नोमान अकरम हामिद, शेख शमसुद्दीन (तन्तु), सदस्य, रायपुर विकास प्राधिकरण श्री पप्पू बंजारे, सदस्य श्रम कल्याण मंडल श्री शारिक रईस खान, पार्षद नगर पालिक निगम श्री समीर अख्तर सहित सर्वश्री इदरीश गांधी, मोहम्मद जिशान, शाहरूख अशरफी, दिलीप चौहान, बाकर अब्बास, जावेद नाना, मोहम्मद रियाज़, इलियास अमन, अब्दुल असलम, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद युसूफ और मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# दस्तावेज में फर्जीवाड़ा कर 12 एकड़ 27 डिसमिल नजूल भूमि पर कब्जा की शिकायत होगी सीएम से

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

**सात दशक पुराने नजूल जमीन पर अवैध कब्जे की जांच फिर से ठंडे बस्ते में चली गई है अब इस बहुचर्चित मामले में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के जशपुर दौरे के दौरान शिकायत की पोटली सुपुर्द करने की तैयारी में है।**



विदित हो कि राज्यपाल ने जन शिकायत निवारण विभाग को मामले की जांच करने निर्देशित किया था। मामला पत्थलगांव शहर के ह्रदयस्थल पर स्थित मंडी परिसर की नजूल भूमि का है, जिसमें 1956 के दशक से विवाद चल रहा है। पूरा मामला नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दुलार साय की शिकायत पर उजागर हुआ था। 1956 के दशक में शासन ने यहां के किसानों से लगभग 34 एकड़ जमीन गांव की निस्तारी के लिए अधिग्रहित की थी। उस दौरान शासन की ओर से गांव बसाने के लिए लोगों को नजूल पट्टे बांटे जा रहे थे, जिसमें धरमजयगढ़ निवासी घीसुराम अग्रवाल को तात्कालिक कलेक्टर ने दस डिसमिल का आवासीय पट्टा दिया था, लेकिन घीसुराम के दस डिसमिल वाले पट्टे को बनवारीलाल अग्रवाल ने कूटरचना कर 12 एकड़ 27 डिसमिल बना लिया। 1972 के दशक में जब प्रशासन ने इस विवादित भूमि पर मंडी बनानी चाही तो बनवारी लाल ने उस पर आपत्ति लगा दी। प्रशासन के कार्यों मे आपत्ति लगने के बाद तब मध्यप्रदेश सरकार ने जांच कराई तो कलेक्टर के मार्फत उस दौरान के तात्कालिक एसडीएम ने पूरा मामला फ र्जी करार दे दिया, जिसके बाद बनवारीलाल ने दोबारा दावा आपत्ति पेश किया। उस दौरान बनवारीलाल ने 7 एकड़ 65 डिसमिल का पट्टा अपने नाम हासिल कर लिया व 4 एकड़ 12 डिसमिल का पट्टा मंडी का विस्तार करने के लिए प्रशासन को सौंप दिया। यह मामला यही पर जाकर शांत नहीं हुआ। बनवारी लाल अग्रवाल ने 1984 के दशक मे आठ रजिस्ट्री से 7 एकड़ 65 डिसमिल जमीन को रायगढ़ निवासी गोविंद अग्रवाल को बेच दी। वही पट्टे की शर्तों का उल्लंघन

पूर्व में हुए शिकायत में 10 डिसमिल जमीन के पट्टे को कुट रचना से 12 एकड़ बनाने की शिकायत के अलावा नजूल पट्टे के नियम शर्तों का उल्लंघन कराने का मामला दर्ज कराया गया था, दो वर्ष पूर्व प्रदेश के राज्यपाल के नाम हुए शिकायत में निराकरण के लिए राज्यपाल ने छत्तीसगढ शासन के सचिव जन शिकायत निवारण विभाग को पत्र भेज जांच के निर्देश दिए थे लेकिन यह जांच कहां तक पहुंची इसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है वहीं उक्त विवादित जमीन पर धड़ल्ले से प्लाटिंग व बिल्डिंग बनने का दौर जारी है।

### दुलार साय ने 2000 में की शिकायत, 2016 में शुरू हुई जांच

*पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दुलार साय ने मंडी प्रांगण की जमीन के फर्जीवाड़े की दस्तावेजों के साथ शिकायत 2000 के दशक में थाने में की थी। लेकिन प्रशासनिक कार्यों में होने वाली लेटलतीफी के कारण दुलार साय का मामला 2016 के दौरान प्रकाश में आया। दुलार साय की शिकायत के बाद पुरानी कहानी दोबारा जीवित हो गई। तात्कालिक प्रशासनिक अधिकारियों ने जिस फर्जीवाड़े का जिक्र अपने दस्तावेजों में किया था। 2016 की जांच में भी वही फ जींवाड़ा दोबारा सामने आ गया। इस बीच पूरे मामले को लेकर थाना एवं कोर्ट कचहरी के चक्कर लगते रहे, लेकिन इस बीच न्यायालय ने 7 एकड़ 65 डिसमिल जमीन का कुछ भाग नजूल पट्टे की शर्तों के आधार पर गोविंद अग्रवाल के अधिकार क्षेत्र में दे दिया था।*

## एक नजर

### पीएटी एवं पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 5 जून को

परीक्षा केन्द्रों के लिए आर्ब्जवर नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 5 जून 2022 को आयोजित की जाने वाली पीएटी एवं पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा पूर्वान्हे 9 से दोपहर 12.15 बजे तक संपन्न होगी। उक्त परीक्षा हेतु केन्द्रों के लिए आब्जर्वर नियुक्त किए गए है। ऑब्जर्वर परीक्षा केन्द्र की परीक्षावधि में सतत् निगरानी रखेंगे। आब्जर्वर गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु 5 जून को प्रात: 7.30 बजे जिला कोषालय रायगढ़ में उपस्थित होंगे। गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचायेंगे एवं परीक्षोपरांत केन्द्राध्यक्ष से गोपनीय सामग्री (सील्ड बॉक्स) प्राप्त कर किरोड़ीमल शास.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में जमा करेंगे।

परीक्षा केन्द्र 2401-किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक चक्रधरनगर, रायगढ़ में व्याख्याता सुरेन्द्र कुमार चौहान, 2402-केएमटी शासकीय गर्ल्स कालेज रायगढ़ में प्राचार्य उचितराम सिदार, 2403-स्वामी बाल कृष्ण पूरी लॉ कालेज रायगढ़ में व्याख्याता बाबूलाल पटेल, 2404 शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़ में व्याख्याता नरेन्द्र कुमार चौहान, 2405 शास.गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल कोष्टा पारा पुत्री शाला रायगढ़ में प्राचार्य छबिलाल चौधरी, 2406 शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल केवड़ाबाड़ी में व्याख्याता मनोज षड़ंगी, 2407 शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल जूटमिल रायगढ़ में व्याख्याता कुमुदिनी चौहान, 2408 सेठ किरोड़ीमल आदर्श हायर सेकेण्डरी स्कूल बालमंदिर रायगढ़ में व्याख्याता नरेन्द्र देवांगन, 2409 इंडियन स्कूल अतरमुड़ा रायगढ़ में व्याख्याता वेदप्रकाश तिवारी, 2410 सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल खरसिया में व्याख्याता विनोद षडंगी, 2411 एरिसेन्ट कालेज पटेलपाली रायगढ़ में उपसंचालक कृषि हरीश राठौर एवं 2412 गुरूद्रोण हायर सेकेण्डरी स्कूल छोटे अतरमुड़ा टीवी टावर के पास रायगढ़ में व्याख्याता नीरज सिंह को आब्जर्वर बनाये गये है।

### छूटे पात्र हितग्राहियों एवं नवीन पंजीयन हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 10 जून तक




कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूरा करने के दिये निर्देश

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत छूटे पात्र हितग्राही एवं नवीन आवेदक 10 जून तक पंजीयन करा सकते है। इस योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम किश्त दिनांक 21 मई 2022 को जिले के 3399 पात्र हितग्राहियों के खाते में सीधे डी.बी.टी किया गया। इसी कड़ी में राज्य शासन द्वारा छूटे पात्र हितग्राही एवं प्राप्त नवीन आवेदन के पंजीयन के लिए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किये जाने हेतु कार्य योजना बनाई गई है। कार्य योजनानुसार पंजीयन हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 01 जून से 10 जून 2022, जनपद पंचायत स्तर पर पोर्टल में प्रविष्टि कर पंजीयन करने की अंतिम तिथि 11 जून से 17 जून 2022, तहसीलदार द्वारा पंजीकृत आवेदनों को स्वीकृति तथा निरस्त करने की अंतिम तिथि 18 जून से 24 जून 2022, तहसीलदार द्वारा आवेदनों के सत्यापन पश्चात दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सूची के प्रकाशन की तिथि 27 जून है। ग्राम पंचायत द्वारा उक्त सूची ग्राम सभा के समक्ष दावा आपत्ति हेतु प्रस्तुत करने की समय-सीमा 30 जून से 07 जुलाई 2022, विशेष ग्राम सभा में दावा आपत्ति आवेदनों का निराकरण 08 जुलाई 2022 तक किया जाएगा। ग्राम सभा से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार पात्र-अपात्र हितग्राहियों का वेबसाइट में अद्यतीकरण जनपद स्तर पर 09 जुलाई से 15 जुलाई 2022 एवं जिला कलेक्टर द्वारा अंतिम सत्यापित सूची प्रकाशन 18 जुलाई 2022 को किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित समयसीमा में पंजीयन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# फसल चक्र परिवर्तन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करें - मुख्य सचिव

इस वर्ष सहकारी बैंक की 50 शाखाओं में एटीएम स्थापित किए जाएंगे



**रायपुर। मुख्य सचिव अभिताभ जैन ने यहां मंत्रालय में सहकारिता विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।**

गन्ना उत्पादक किसानों को वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

मुख्य सचिव ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से कहा कि शक्कर कारखानों में हानि कम हो इसके लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सहकारिता द्वारा किसानों को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने के लिए कार्य किया जाना चाहिए। बैठक में प्रदेश में किसानों के लिए ज्यादा से ज्यादा बैंक शाखाओं, एटीएम, किसान क्रेडिट कार्ड का विस्तार करने के लिए बैंकों को लक्ष्य दिए जाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इस साल करीब 50 एटीएम स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश में सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खरीफ सीजन में उर्वरक वितरण करने के लिए तीन लाख 23 हजार मीट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है। इसी तरह से मार्कफेड के डबल लॉक केन्द्रों में 6.97 लाख मीटिरिक टन खाद भण्डारित किया गया है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र ही धान उपार्जन केन्द्रों में शेष रह गई धान का उठाव शीघ्र कर लें। बैठक में मुख्य सचिव ने खरीफ सीजन के लिए कृषि ऋण वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन के अंतर्गत धान के अलावा अन्य फसलों के लिए ऋण लेने वाले किसानों को और प्रेरित करने की बात अधिकारियों से कही।

**खरीफ सीजन हेतु 3.23 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण**

**मुख्य सचिव ने की सहकारिता विभाग के काम-काज की समीक्षा**

# परिवहन मंत्री अकबर ने कराया परिवहन संघों के विवाद का पटाक्षेप

रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ व बस्तर परिवहन संघ के मध्य हुआ समझौता



**रायपुर। वन तथा परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में हुई बैठक में रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ एवं बस्तर परिवहन संघ के मध्य चल रहे विवाद का पटाक्षेप हो गया। दोनों संघों ने एक-दूसरे को लोड (लदान) उपलब्ध कराने करार कर लिया है।**

परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ व बस्तर परिवहन संघ के पदाधिकारियों को अपने निवास कार्यालय में चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया था। उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, बस्तर के विधायकगण श्री रेखचंद जैन (जगदलपुर), श्री विक्रम मण्डावी (बीजापुर), श्री राजमन बेंजाम (चित्रकोट), परिवहन आयुक्त श्री दीपांशु काबरा, छत्तीसगढ़ राज्य क्रेडा के अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, दंतेवाड़ा से श्री अवधेश गौतम तथा जगदलपुर से श्री राजीव शर्मा की उपस्थिति में दोनों परिवहन संघों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि दोनों परिवहन संघ सामंजस्य बनाकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना व्यवसाय करें। राज्य सरकार उन्हें हर तरह से सहयोग करने तैयार है। उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने कहा कि प्रदेश में श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद दोनों परिवहन संघों को आने वाली कठिनाईयों को दूर किया गया है। बैठक में बस्तर परिवहन संघ एवं रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ के मध्य इस बात पर सहमति प्रदान की गई है कि रायपुर-बस्तर-कोरापुट संघ को बस्तर परिवहन संघ द्वारा प्रति रैक कम से कम 17 ट्रक लोड जगदलपुर से रायपुर के लिए एवं रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ द्वारा बस्तर परिवहन संघ को प्रतिदिन कम से कम 17 ट्रक लोड रायपुर से जगदलपुर प्वाईंट टू प्वाईंट प्रदाय किया जाएगा।

**दोनों संघ एक दूसरे को लोड उपलब्ध कराने सहमत**

## रेलकर्मी की कार लूटने वाला निगरानी सुदा बदमाश को सिविल लाइन पुलिस ने किया गिरफ्तार

कबाड़ी के यहां पुलिस की दबिश कबाड़ से भरा मैजिक जप्त



**बिलासपुर ।** रेलकर्मी की कार और मोबाइल लूट के मामले में फरार निगरानीशुदा बदमाश को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ सिविल लाइन थाने में पहले भी सात अलग-अलग मामले दर्ज हैं। आरोपित को न्यायालय में पेशा किया गया है। उसलापुर के अलका एवेन्यू में रहने वाले राकेश कुमार राठौर लोको पायलट हैं। रविवार को उन्होंने कार और मोबाइल लूट की शिकायत की। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार की रात वे मंगला की ओर घरेलू काम से गए थे। लौटते समय महर्षि स्कूल के पास बाइक सवार युवकों ने उनकी कार को रोक लिया। इसके बाद कार ठीक से नहीं चलाने की बात कहते हुए गाली-गलौज कर धक्का दे दिया। एक युवक उनकी कार व उसमें रखे मोबाइल को लेकर भाग गया।

वहीं, उसका साथी बाइक से भाग निकला। लूट की शिकायत पर पुलिस ने घेराबंदी कर कुदुदंड में रहने वाले सूरज यादव(19) को गिरफ्तार कर कार व मोबाइल जब्त कर लिया। मामले में शामिल तुलसी सारथी(39) निवासी कुदुदंड माता चौरा फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार की सुबह पुलिस को पता चला कि आरोपित अपने घर में है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### जिलाबदर करने एसपी को लिखा पत्र -

सिविल लाइन थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि आरोपित निगरानीशुदा बदमाश है। उसके खिलाफ थाने में सात मामले पहले से दर्ज हैं । इसके अलावा अन्य थानों से भी आरोपित के संबंध में जानकारी मांगी गई है।

# सारंगढ़ के गौठानों में मल्टी एक्टिविटी सेंटर्स के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर भीम सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**कलेक्टर भीम सिंह ने सारंगढ़ के गौठानों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मल्टी एक्टिविटी सेंटर्स में महिला समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा विविध प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे है।**



जिसके विक्रय में वृद्धि के लिए मार्केट लिंकेज को बढ़ावा देना होगा। जिससे मांग व आपूर्ति का एक व्यवस्थित चक्र तैयार हो। उन्होंने स्थानीय स्तर पर इन उत्पादों के विक्रय के साथ ही ब्लाक में महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को भी सी-मार्ट में भी विक्रय के लिए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह निरीक्षण में सबसे पहले सारंगढ़ विकासखण्ड के छिंद गोठान पहुंचे। यहां उन्होंने महिला समूहों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न गतिविधियों को देखा तथा उनके इस संबंध में चर्चा की। इस गौठान में महिलाओं द्वारा वाशिंग पाउडर, दोना-पत्तल, मसाले तथा बड़ी तैयार करना, झाड़ू निर्माण, कपड़े के बैग तैयार करने का काम किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने यहां इंस्टाल की गयी मशीनों के संचालन की अच्छे से ट्रेनिंग देने तथा तैयार प्रोडक्ट की क्वालिटी बढ़िया रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां तैयार किए जा रहे बैग को सी-मार्ट में भी रखने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने गौठान में गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट की उत्पादन की मात्रा को नाकाफी बताते हुए उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही यहां आने वाले पशुओं की संख्या को भी बढ़ाने के लिए कहा। इसके लिए पशु शेड बनवाने के भी निर्देश दिए। गौठान में महिला समूहों द्वारा सब्जी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। उसकी आवश्यक सुरक्षा के लिए फेंसिंग का काम पूरा करवाने के निर्देश उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत को दिए। कलेक्टर श्री सिंह इसके पश्चात घटोरा गौठान के निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने यहां पर महिला समूह द्वारा तैयार किए जा रहे पेवर ब्लाक तथा अन्य उत्पादों को देखा। कलेक्टर श्री सिंह ने महिला समूह की काम की तारीफ करते हुए यहां के उत्पादों का भी मार्केट लिंकेज करने के निर्देश दिए।

### रेशमी ताने तैयार करने की मशीन का किया अवलोकन

कलेक्टर संह ने इस दौरान सारंगढ़ स्थित टसर सिल्क यॉर्न प्रोडक्शन सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां रेशम के ताने और बाने तैयार करने के लिए इंस्टॉल किए गए मशीनों का जायजा लिया। साथ ही प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं से भी चर्चा की। उन्होंने रेशम अधिकारी से कहा कि मॉस्टर ट्रेनर द्वारा यॉर्न प्रोडक्शन की अच्छे से ट्रेनिंग करवायी जाए तथा जल्द उत्पादन शुरू किया जाए। ज्ञात हो कि कलेक्टर सिंह की पहल पर इस केन्द्र में 16 लाख रुपये की लागत से रेशम के ताने और बाने तैयार करने की मशीनें लगायी गयी है। छत्तीसगढ़ में कोरबा के पश्चात रायगढ़ का सारंगढ़ केन्द्र दूसरा स्थान होगा जहां यह रेशमी ताने तैयार किए जायेंगे। इसके लिए दिल्ली से मंगायी गई तानों की 16 व बानों की 16 व धागों की रीलिंग करने की 4 मशीने सहित कुल 36 मशीनें लगायी गयी है। अभी तक यह ताने मुख्य रूप से बाहर से आयात किए जाते थे, जो कि अब यही तैयार किये जायेंगे।





### औरा-जोरी नरवा संवर्धन कार्यों का भी लिया जायजा

*कलेक्टर सिंह ने सारंगढ़ विकासखण्ड के औरा-जोरी में किए गए नरवा संवर्धन के कार्य को भी देखा। यहां उन्होंने ग्रामवासियों से चर्चा कर नरवा से मिले लाभ के बारे में जानकारी ली। गांव वालों ने बताया कि आसपास पहले काफी गहरी खुदाई पर भी नहीं पानी की सही मात्रा नहीं मिल रही थी। किन्तु नरवा संवर्धन से भूजल में वृद्धि देखने को मिल रही है। यहां नरवा के दोनों ओर लगभग 50-50 एकड़ खेतों में इससे सिंचाई के लिए पानी मिल रहा है। कलेक्टर सिंह ने नरवा संवर्धन के किए गए कार्यों को और बेहतर करने तथा अधिक संरचनाओं के निर्माण के निर्देश दिए जिससे नाले का पानी अधिक मात्रा में रूके।*

# काम करवाकर मजदूरी देना भूला ठेकेदार नटवर अग्रवाल, भूखे मरने को मजबूर गरीब मजदूर

## मुख्यमंत्री से होगा घटिया निर्माण की शिकायत






जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जर्जर हो चूके बालक हाईस्कूल का जीर्णोधार करने का ठेका घरघोड़ा के किसी नटवर अग्रवाल को दिया गया था। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में खुलकर भ्रष्टाचार कर घटिया निर्माण किया गया है। मीडिया में घटिया निर्माण का खूब सुर्खियां बना लेकिन विभागीय अधिकारी घटिया निर्माण का कभी जांच करना उचित नहीं समझा। बल्कि भ्रष्ट ठेकेदार का खूब साथ देकर घटिया निर्माण करवाया। अब घटिया निर्माण की शिकायत मुख्यमंत्री के धरमजयगढ़ दौरा के दौरान किया जायेगा। ताकि भ्रष्ट ठेकेदार और भ्रष्टाचार करवाने वाले लोक निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यवाही हो सकें। बात सिर्फ घटिया निर्माण का ही नहीं है। भ्रष्ट ठेकेदार नटवर अग्रवाल द्वारा काम करवाकर गरीब मजदूरों का भुगतान करना भी भूल गये। गरीब मजदूर ठेकेदार नटवर अग्रवाल के यहां इसलिए काम किया था ताकि अपने और अपने परिवार वालों का भूख मिटा सकें। लेकिन मजदूरों को क्या पता था कि काम करने के बाद भी इनके परिवार भूखे ही रह जायेंगे। जी हां हम आपको बता दे कि ठेकेदार नटवर अग्रवाल द्वारा धरमजयगढ़ में करवाया जा रहा निर्माण में ये मजदूर पोताई का काम किया था लेकिन पोताई करवाने के बाद ठेकेदार द्वारा मजदूरों का मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। गरीब आदिवासी मजदूर अपना मेहतना पाने के लिए भ्रष्ट ठेकेदार का चक्कर काट रहे हैं। ताकि अपना मजूदरी पा सके और अपने परिवार का पालन कर सकें। लेकिन चक्कर काट काट कर थक चूके गरीब मजदूरों का मजदूरी ठेकेदार नहीं दिया जा रहा है। अब देखना वाली बात है कि क्या गरीब मजदूरी का मजदूरी ठेकेदार नटवर अग्रवाल देते हैं।

अजनबी लड़की को लिफ्ट देना पड़ा महंगा

# सुनसान जगह पर रुकवाया फिर बाइक को चोरों ने किया पार

**बिलासपुर ।** अनजान लड़की ने इलेक्ट्रीशिन से लिफ्ट मांगी। इसके बाद बिरकोना रोड में लेकर सुनसान जगह पर बाइक रुकवा कर उन्हें सड़क किनारे ले गई। इस बीच चोरों ने इलेक्ट्रीशिन की बाइक पार कर दी। बाइक को ढूंढने निकले इलेक्ट्रीशिन के आने से पहले युवती भी वहां से गायब हो गई। मामले की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर इसकी जांच कर रही है। घटना करीब 25 दिन पहले की है। सरकंडा के राजकिशोर नगर में रहने वाले टंकेश्वर चंद्रवंशी इलेक्ट्रीशियन हैं। छह मई की दोपहर एक बजे वे शनिचरी बाजार गए थे। वहां से अशोक नगर की ओर जा रहे थे। अशोक नगर चौक के पास एक अनजान लड़की ने उनसे लिफ्ट मांगकर आगे तक छोड़ने के लिए कहा।




इस पर इलेक्ट्रीशियन ने उन्हें अपनी बाइक में बिठा लिया। अशोक नगर अटल आवास के आगे सुनसान जगह पर उनके साथ बैठी युवती ने बाइक रोककर सड़क किनारे चलने के लिए कहा। इस पर वे बाइक सड़क पर खड़ी कर रोड के किनारे हो गए। इसी बीच किसी ने उनकी बाइक पार कर दी। वे आसपास बाइक की तलाश कर रहे थे। इसी बीच युवती भी गायब हो गई। इलेक्ट्रीशियन ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# मोदी सरकार विश्व पटल पर सिरमौर- श्रीकांत सोमावार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार में 8 साल में ना सिर्फ कुशल संवेदन शील प्रशासन की भूमिका निभाई बल्कि घरेलू राजनीति से लेकर वैश्विक कूटनीति में नरेंद्र मोदी ने भारत का मान बढ़ाया है, भारत को सिरमौर बना दिया। अब यह कहने में संकोच नहीं होना चाहिए कि मोदी सरकार का 8 साल का कार्यकाल दूरगामी सोच धैर्य का साहसिक निर्णय इसे जमीन पर उतारने का अथक प्रयास का कार्यकाल रहा, जो उसमें शत प्रतिशत सफ ल रहे। पहली सरकार में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के निर्णय की जो प्रकिया शुरू हुई वह नोटबंदी, जनधन योजनाए 9 करोड़ गरीब महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन एवं अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, मुस्लिम महिला बहनों को तीन तलाक से मुक्ति, अब तक असंभव समझे जाने वाले कश्मीर में धारा 370 एवं 35 जैसे धाराओं खात्मा कर फि र से कश्मीर को भारत के एक देश एक ध्वज एक संविधान बनाया, स्वास्थ्य आयुष्मान योजना से लेकर कोरोना के खिलाफ लड़ाई तक पहुंची, मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 14 करोड़ से ज्यादा शौचालय का निर्माण और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 3 करोड़ से अधिक गरीबों को अपने स्वय का पक्का मकान दिलाने के लिए अग्रसर हुए। मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले चार राज्य भाजपा शासित थे आज 18 राज्यों में भाजपा एवं उनके सहयोगी दलों के सरकार है। देश में 1300 से ज्यादा भाजपा विधायक और 400 से ज्यादा सांसद है। मोदी के नेतृत्व में भारत फिर से विश्व गुरु बनने की राह में अग्रसर है।

# दरवाजा बंद कर जुआ खेल रहे 12 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पत्थलगांव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मयंक तिवारी के नेतृत्व में निरी एनएल राठिया, उप निरी ललित सिंह नेगी, प्रआर इग्नासियुस एक्का, आर पवन पैकरा एवं महिला आर सुषमा भगत ने रेस्ट हाउस में एक घर पर रेड किये, तो वहां से 12 लोग जो सभ्रांत परिवार से है जुआ खेलते पकड़े गए पुलिस ने बताया कि रेड के वक्त दरवाजा अंदर से बंद था। घर के बाहर लगे सीसी टीवी से पुलिस को देखकर सभी जुआडियान भागने लगे तब दरवाजा को तोड़कर खोला गया। तो अंदर मनेन्द्र सिंह भाटिया पिता बलवंत, सत्यनारायण पिता सुखनंदन निवासी पुरानी बस्ती पत्थलगांव, मो मिराज पिता सर्वेद अंसारी निवासी बिलाईटागर, पुष्पेन्द्र सिंह क्षत्रिय पिता स्व विजय सिंह निवासी बिलाईटागर, करमजीत सिंह भाटिया पिता गुरुशरण सिंह भाटिया निवासी रायगढ़ रोड, नितिन गर्ग पिता अनिल गर्ग निवासी अम्बिकापुर रोड, मौसम अग्रवाल पिता विजय अग्रवाल, निवासी रायगढ़ रोड, विपिन अग्रवाल पिता अजय अग्रवाल निवासी रायगढ़ रोड, विकास गोयल पिता श्यामलाल गोयल निवासी अम्बिकापुर रोड, राकेश अग्रवाल पिता बीके अग्रवाल निवासी लिटिल रोज स्कूल के सामने पत्थलगांव, सौरभ अग्रवाल पिता पितम्बर अग्रवाल निवासी बस स्टैण्ड पत्थलगांव, अनमोल अग्रवाल पिता जीएस अग्रवाल बाजारपारा पत्थलगांव को जुवा खेलते पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनके पास से 28,520 रुपये एवं 12 नग मोबाईल बरामद किए गए है। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 3,4 जुआ एक्ट का पाये जाने से मौके पर जुआडियान को गिरफ्तार किया गया तथा जुर्म जमानतीय होने व आरोपियों के द्वारा सक्षम जमानतदार पेश करने पर आरोपियों को जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 179/2022 धारा 3, 4 जुआ अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# नगर पंचायत कोतबा में पानी सप्लाई ठीक से ना होने पर युवाओं ने सीएमओ को सुनाई खरी खोटी

जोहार छत्तीसगढ़-कोतबा।





मामला जशपुर जिले के नगर पंचायत कोतबा का है जहां कुछ महीनों से पानी की सप्लाई ठीक से नहीं हो रही है तथा इस हफ्ते में पानी की सप्लाई ना के बराबर की गई गर्मी के महीने में पानी की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत कोतबा के युवा आकाश मित्तल और अमन शर्मा ने पंचायत जाकर सीएमओ अंकुल ठाकुर को चेताया की नगर में पानी की कमी को लेकर कितना त्राहिमाम मचा हुआ है और पंचायत कर्मचारी मोटर खराबी का बहाना देकर पल्ला झाड़ लेते हैं जहां नौतपा मैं इतना भीषण गर्मी पड़ रहा है तब की स्थिति को देखते हुए भी नगर में पानी के सप्लाई के कार्य को ठीक नहीं किया जा रहा है हफ्ते में कई बार मोटर खराब की स्थिति बनती है कई वार्डो में पानी तक नहीं ठीक से नही आता है कई हैंडपंपों तथा ट्यूबवेल की खुदाई ही मात्रा 50 से 70 मीटर तक की गई है जिसके कारण पानी तक मोटर नहीं पहुंच पाता है जिसके कारण नगर पंचायत होते हुए भी कोतबा के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ऐसी गंभीर स्थिति को देखते हुए नगर के युवा आकाश मित्तल और अमन शर्मा ने नगर पंचायत में जाकर अधिकारियों को अच्छे से कार्य करने की हिदायत दी। नगर के युवा मोनू आकाश मित्तल का कहना है कि नगर में कई हफ्तों से पानी की सप्लाई ठीक से नहीं की जा रही है जिसके कारण लोगों को गंभीर परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है तथा अगल बगल में कहीं भी बोर पंप या फिर बोरिंग ना होने पर पानी की समस्या अधिक बढ़ जाती है पंचायत कर्मचारी को फोन लगाने पर मोटर के जल जाने की बात कही जाती है। अब मोटर जल गया तो बनाने का जिम्मेदारी पंचायत का है या आम नागरिकों का साफ दिखाई दे रहा है कि पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। पानी की सप्लाई की कितनी गंभीर स्थिति को देखते हुए नगर के युवा अमन शर्मा का कहना है कि नगर में ऐसी स्थिति का होना एक गंभीर विषय है नगर पंचायत में पानी की सप्लाई ठीक से ना होना शर्म की बात है जहां इतनी भीषण गर्मी पड़ रही है और नगर पंचायत के कर्मचारियों का बहाना खत्म नहीं हो रहा है अगर जल्द से जल्द स्थिति ठीक ना हुई तो नगर के युवा धरना प्रदर्शन करेंगे।

नगर में पानी की सप्लाई ठीक से होने के लिए पीएचसी विभाग वालों को पहले ही बोला गया है जल्द ही नगर मे पानी की समस्या को दूर की जाएगी।

– 'अंकुल ठाकुर
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
कोतबा

अब देखना यह है कि कब तक नगर में पानी सप्लाई की समस्या दूर होती है और व्यवस्था को कब दुरुस्त किया जाता है।

# राष्ट्रीय सिंधी मंच के पदाधिकारियों ने राज्यपाल से की चेट्रीचंड्र पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने मांग

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



राष्ट्रीय सिंधी मंच के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित कार्यालय में आयोजित हुई। जिसमें समाज हित में उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा हुई एवं पूरे वर्ष भर के कार्यक्रमों का कैलेंडर तैयार किया गया। जिसके अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिमाह एक या दो कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसी बैठक में समाज के विभिन्न समस्याओं पर भी विचार हुआ जिसमें बच्चों की उच्च शिक्षा,रोजगार, एवं वैवाहिक संबंधों हेतु राष्ट्रीय स्तर पर मैट्रिमोनियल साइट बनवाने एव्हाट्सएप ग्रुप एवं अन्य प्लेटफ ार्म का उपयोग करने सहित कई सामाजिक मुद्दों पर पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। इसी दौरान तय किया गया कि आगामी अगस्त माह में संस्था का राष्ट्रीय महाधिवेशन छत्तीसगढ़ में ही आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय सिंधी मंच के पदाधिकारियों ने संस्थापक अध्यक्षा डॉ. सपना कुकरेजा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की राज्यपाल महामहीम माननीया अनुसुइया उइके से सौजन्य भेंट कर उन्हें संस्था के उद्देश्यों से अवगत कराया और अपने इष्ट देव भगवान झूलेलाल के जन्मदिवस चेट्रीचंड्र को राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने हेतु एक अनुरोध पत्र सौंपा। राज्यपाल ने उक्त अनुरोध पत्र को केंद्रीय शासन को भेजने के आश्वासन के साथ-साथ संस्था के उज्जवल एवं प्रगतिमय भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की। सौजन्य भेंट में संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर सपना कुकरेजा सह संस्थापक महेश रोहरा एदर्शन कुकरेजा, मुरली गुरुदासानी, गंगाराम अमेसर, राष्ट्रीय प्रवक्ता हीरा मोटवानी, अर्जुन दास लखवानी प्राप्ति वाशानी रोमा वाधवानी अंकित केवलानी, अश्वनी वटवानी,विजय देसुजा, दिव्या आडवाणी कमल देसूजा दीपक भटेजा गुरुबक्श जादवानी,मनीष, राजा, सहित देश के विभिन्न राज्यों से पधारे पदाधिकारी गण एवं समाजसेवी शामिल हुए।

## एक नजर

### पीएम किसान सम्मान निधि की 11 किस्त की राशि किसानों के खाते में जमा, सांसद गोमती साय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के तत्वावधान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केन्द्र में सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर गरीब कल्याण सम्मेलन हिमाचल का सीधा प्रसारण किया गया। रायगढ़ में आयोजित प्रसारण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायगढ़ सांसद गोमती साय गरीब कल्याण योजना रायगढ़ भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं किसानों के साथ बैठकर देखी एवं सुनी। सांसद साय ने कहा कि वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के करीब 10 करोड़ से भी ज्यादा किसानों को किसान सम्मान निधि की 11 किस्त के माध्यम से 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के खाते में सीधे जमा कज गई। यह किसानों के प्रगति की दिशा में एक और सार्थक पहल है। किसान सम्मान निधि से किसानों के जीवन में खुशहाली आई है। सांसद गोमती साय ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, खाद्य विभाग के अधिकारी सहित भाजपा के कार्यकर्ता, किसान, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे।

### कमिश्नर डॉ. अलंग 2 जून को रायगढ़ दौरे पर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कमिश्नर डॉ.संजय अलंग 2 जून को संभाग के रायगढ़ जिले का दौरा करेंगे। डॉ. अलंग इस दौरान जिला स्तरीय विभिन्न शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण करेंगे। राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली प्रमुख योजनाओं का मौके पर क्रियान्वयन भी देंखेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. अलंग सबेरे 7.30 बजे बिलासपुर से रवाना होकर 10 बजे रायगढ़ पहुंचेगे। वे जिला कार्यालय में आदिवासी विकास, शिक्षा, योजना एवं सांख्यिकी, श्रम, कोषालय, परिवहन एवं जिला पंजीयक कार्यालय के काम-काज का निरीक्षण करेंगे। डॉ. अलंग इस क्रम में भेलवाटिकरा गौठान, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, सी-मार्ट, मितान योजना एवं सूपा गौठान का मौके पर पहुंचकर अवलोकन एवं हितग्राहियों से मुलाकात करेंगे। उपायुक्त डॉ.अर्चना मिश्रा भी दौरे में साथ रहेंगी।

### पेंशन निवारण शिविर का आयोजन 6 एवं 7 जून को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया है कि विभिन्न कार्यालय में लंबित आपत्तिशुदा पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु 6 एवं 7 जून 2022 को पेंशन निवारण शिविर का आयोजन जिला कोषालय कार्यालय, रायगढ़ में किया जायेगा। पेंशन शिविर हेतु अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी जिनमें सहायक संचालक नरेन्द्र सिंह राठौर, सहा.आंत.ले.परी.अधिकारी अनमोल बाजपेयी एवं सहायक ग्रेड-3 मोहनीश कुमार पांडे उपस्थित रहेंगे।

### सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 8 जून को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में 8 जून 2022 को जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से सामान्य प्रशासन समिति एवं दोपहर 2 बजे से सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई है।

### प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा 12 जून को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 12 जून 2022 को प्री.बी.एड. एवं प्री.डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा पूर्वान्ह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में प्री.डी.एल.एड प्रवेश परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर भीम सिंह ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी को नोडल अधिकारी एवं प्रधान पाठक रामकुमार चौहान को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in